(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश

मालविका मोहनन ने ...8

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

मंगलवार, 15 फरवरी 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 57 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादकः राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

किसानों से एक साल तक च्ड मोदी ने नहीं की बात, राहुल बोले- गलती मानने के बाद भी नहीं दिया मुआवजा

होशियारपुर। पंजाब में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक घमासान मचा हुआ है। इसी बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को होशियारपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्षियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पंजाब का चुनाव कोई मामुली चुनाव नहीं है बल्कि इसमें आपको नई सरकार चुननी है। हमने कुछ वक्त पहले आपको एक नया मुख्यमंत्री दिया। उन्होंने कहा कि चरणजीत सिंह चन्नी गरीब घर के बेटे हैं और वो गरीबी को गहराई से समझते हैं। चन्नी जब सरकार चलाएंगे तो अरबपतियों की नहीं बल्कि गरीबों की, छोटे व्यापारियों इत्यादि की सरकार चलाएंगे। देश के हर

एक प्रदेश में बेरोजगारी फैल रही है। क्योंकि नरेंद्र मोदी सरकार ने छोटे व्यापारियों, किसानों पर आक्रमण किया। यह आक्रमण उस वक्त शुरू हुआ जब नरेंद्र मोदी जी ने नोटबंदी का ऐलान किया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि नोटबंदी के दौरान लगी लंबी कतारों में किसी ने अरबपतियों को देखा। उसमें छोटे व्यापारी, किसान, दुकानदार और आम लोग दिखाई दिए। सरकार ने छोटे व्यापारियों, दुकानदारों इत्यादि की जेब से पैसे निकाल कर अरबपतियों की जेब में डाल दिया। प्रधानमंत्री कहते थे 15 लाख रुपए सभी के अकाउंट में डालूंगा ? 2 करोड़ युवाओं को रोजगार दूंगा, किसी को रोजगार मिल गया? आज नरेंद्र मोदी अपने भाषण में रोजगार की बात क्यों नहीं करते हैं? राहुल गांधी ने कहा कि पंजाब में प्रधानमंत्री की मीटिंग है उसे आप लोग सुनिएगा, उसमें रोजगार, भ्रष्टाचार इसकी बात वो नहीं करेंगे। यहां पर बैठे किसी एक व्यक्ति को जीएसटी से फायदा हुआ। नहीं हुआ। फायदा सिर्फ 2–3 अरबपतियों को हुआ। इसके बाद नरेंद्र मोदी जी ने काला कानून लाया। जिसको लेकर पंजाब के किसान कोरोना के समय ठंड में भूखे एक साल तक खड़े रहे।

उन्होंने कहा कि किसानों के साथ कांग्रेस खड़ी रही। आप सभी ने देखा किसान बिल को लेकर भाजपा और शिअद ने क्या कुछ कहा। एक साल बाद नरेंद्र मोदी जी ने कहा कि गलती हो गई। एक साल के लिए किसानों के बात नहीं की। 700 किसान शहीद हुए, संसद में मैंने 2 मिनट किसानों के लिए मौन रखने की बात कही, वो भी यह नहीं कर पाए। गलती करने के बाद उन्होंने मुआवजा तक नहीं दिया, हमारी सरकार ने दिया।

रविदास जयंती पर सियासी संग्राम, ओबीसी वर्ग को साधने में जुटी पार्टियां, कांग्रेस–बीजेपी हुई आमने–सामने

भोपाल। मध्य प्रदेश में मिशन 2023 की तैयारियां शुरू हो गई है। बीजेपी और कांग्रेस सभी वर्गों को साधने में जुटी हुई है। यूपी के तर्ज पर एमपी में भी जातिगत वर्ग को साधने के लिए दोनो ही पार्टियां शुरू हो गई है। और इस पर एमपी में रविदास जयंती राजनीति पर सियासत शुरू हो गई है। बीजेपी कांग्रेस दोनों ही दल रविदास जयंती पर कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं। बीजेपी जहां बड़े स्तर पर रविदास जयंती मनाने जा रही है। वहीं कांग्रेस भी सागर में रविदास जयंती मनाएगी। कांग्रेस के आयोजन पर प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि हम भगवान रविदास की

जयंती पहले से मनाते आए हैं। कांग्रेस को बड़ी देर से याद आयी है। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के प्रति आने वाली पीढ़ी प्रेरणा ले सके इसके लिए हम लगातार काम करते आये है। कांग्रेस बीजेपी की हमेशा ही करती है। यह कांग्रेस का राजनीतिक और चुनावी एजेंडा है। उन्होंने कहा कि कमलनाथ को आयोजन करना ही था तो तब क्यों नहीं किया जब वह 15 महीने सरकार में थे। आपको बता दें कि प्रदेश में पहली बार ग्राम पंचायत और जिला पंचायत स्तर पर रविदास जयंती के मौके पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बीजेपी इस कार्यक्रम के जरिए दलितों को साधने की कोशिश कर रही है। वहीं संत रविदास की जयंती को लेकर बीजेपी और कांग्रेस आमने सामने आ गई हैं। दरअसल 15 फरवरी को कांग्रेस ने कमलनाथ के लिए कल आभार सम्मेलन का आयोजन किया है। विछड़ा वर्ग के संगठनों के साथ यह कार्यक्रम होगा। जहां ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने पर पीसीसी चीफ कमलनाथ का आभार व्यक्त किया जाएगा। वहीं कांग्रेस नेता अजय सिंह यादव ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए बताया कि मध्य प्रदेश में पिछड़ा वर्ग को 27: आरक्षण का हक और अधिकार कांग्रेस सरकार ने दिया है। बीजेपी पिछड़े वर्गो के साथ धोखा कर रही थी। और इसलिए मध्यप्रदेश के विभिन्न विछड़ा वर्ग संगठनों ने 15 फरवरी को भोपाल में बड़ा आयोजन रखा है। जिसमें कमलनाथ के प्रति प्रति आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही प्रदेश का पिछला वर्ग दृढ़ संकल्पित है कि 2023 में कमलनाथ जी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनानी है।

पीतांबरा मां के दर्शन करने पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह,नरोत्तम मिश्रा भी रहें मौजूद

भोपाल। देश के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज सत्ता की देवी मां पीतांबरा के दर्शन करने एमपी के दतिया जिले पहुंचे है। उत्तर प्रदेश में चुनाव को लेकर बुंदेलखंड में जनसभा को संबोधित करने आए

अमित शाह विशेष दौरे पर दतिया पहुंचे है। बताया जा रहा है कि इस दौरान एमपी के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा भी मौजूद रहे। दरअसल केंद्रीय गृह मंत्री की व्यापक सुरक्षा के लिए दतिया में पुलिस बल तैनात किया गया है। इससे पहले अमित शाह खजुराहो विमानतल पर पहुंचे थे। जहां प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा ने उनका स्वागत किया। आपको बता दें कि दतिया जिले में स्थित मां पीतांबरा को राजसत्ता की देवी भी माना जाता है। इस रूप में भी भक्त उनकी आराधना करते हैं। जानकारी के मुताबिक राजसत्ता की कामना रखने वाले भक्त यहां आकर गुप्त पूजा अर्चना करते हैं। यहां देश में चुनाव से पहले कई बड़े राजनेताओं तक का आना लगातार शुरु हो जाता है। वहीं ऐसा भी माना जाता है कि मां पीतांबरा देवी अपना दिन में तीन बार रुप बदलती हैं। मां के दर्शन से सभी भक्तों की मनोकामना पूरी होती है। इस मंदिर को चमत्कारी धाम भी माना जाता है। बताया जाता है कि यहां किसी भी भक्त की कोई पुकार कभी अनसुनी नहीं जाती। दस महाविद्याओं में से एक मां बगलामुखी का मन्दिर है। यह देश के सबसे बड़े शक्तिपीठों में से एक है। श्बगला शब्द संस्कृत के श्वल्गाश शब्द का अपभ्रंश है जिसका अर्थ है, दुल्हन।

प्रमोद सावंत का दावा, गोवा विधानसभा चुनाव में भारी मतों से जीतेगी भाजपा, पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं

पणजी। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने सोमवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य की 40 सदस्यीय विधानसभा की 22 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगी। सावंत

ने कहा कि यदि तटीय राज्य में उनकी पार्टी सरकार बनाती है, तो वह शीर्ष पद पर बने रहेंगे। गोवा विधानसभा की 40 सीटों पर चुनाव के लिए मतदान सोमवार को सुबह आरंभ हो गया। चुनाव में 301 उम्मीदवार भाग्य आजमा रहे हैं। निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि तटीय राज्य में एक चरण में हो रहे चुनाव के तहत मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और यह शाम छह बजे तक जारी रहेगा। सुबह नौ बजे तक राज्य में 11.4 फीसदी मतदान हुआ। उत्तरी गोवा जिले में संखालिम निर्वाचन क्षेत्र के एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद सावंत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे फोन पर बात की और विधानसभा चुनाव के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। संखालिम निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे सावंत ने 'पीटीआई भाषा' से कहा, ''प्रधानमंत्री ने मतदान के दिन मुझे और सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं और अपना आशीर्वाद देने के लिए सुबह करीब सात बजे मुझे फोन किया।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का फोन आने से भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में उनकी पार्टी 22 से अधिक सीट पर जीत हासिल करेगी। यह पूछे जाने पर कि यदि भाजपा की जीत होती है, तो क्या वह मुख्यमंत्री बने रहेंगे, सावंत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा द्वारा (इस संदर्भ में) की गई घोषणाओं के मद्देनजर इसे लेकर कोई संशय नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, ''यह जाहिर है कि मैं मुख्यमंत्री बनूंगा, क्योंकि मौजूदा चुनाव मेरे नेतृत्व में लड़ा जा रहा है।'' सुबह मतदान करने वालों में राज्यपाल पी एस श्रीधरन पिल्लई भी शामिल थे। उन्होंने उत्तरी गोवा जिले में तलेगांव विधानसभा क्षेत्र के एक मतदान केंद्र पर वोट डाला। निर्वाचन आयोग ने बताया कि सुबह नौ बजे तक राज्य में 11.4 प्रतिशत चुनाव हुआ।

गोवा में तृणमूल कांग्रेस हिंदू वोटों को बांटने के लिए चुनाव लड़ रही है: प्रधानमंत्री मोदी

अकबरपुर (कानपुर देहात)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि तृणमूल कांग्रेस गोवा में हिंदू वोटों को बांटने के लिए चुनाव लड़ रही है। प्रधानमंत्री ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, गोवा में चुनाव चल रहा है, मैं सभी मतदाताओं को एक बात बताना चाहता हूं कि मैंने कल गोवा के एक अखबार में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक नेता का साक्षात्कार देखा और तृणमूल नेता ने जो कहा उस पर चुनाव आयोग और मतदाताओं को गौर करना चाहिए।'' प्रधानमंत्री के

अनुसार, तृणमूल नेता ने कहा, ''हमने तो इस पार्टी से इसलिए गठबंधन किया है क्योंकि हम गोवा में हिंदू वोटों को बांटना चाहते हैं।'' मोदी ने कहा,'' यह हिम्मत.... , क्या यह लोकतंत्र है कि आप खुले आम कहें कि आप हिन्दू वोटों को बांटना चाहते हैं. ... , तो आप किसके वोट इकठ्ठा करना चाहते हैं ? यह भेदभाव, क्या यह लोकतंत्र की हैं ? मैं गोवा के मतदाताओं से कहना चाहता हूं कि यह मौका है इस प्रकार की राजनीति को दफना देने का। अपने संबोधन में मोदी ने समाजवादी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि अपने शासन के दौरान सपा ने लूट के उद्देश्य से परिवार के सदस्यों को क्षेत्र वितरित किए थे। प्रधानमंत्री ने लोगों से प्रश्न किया कि क्या वे चाहते हैं कि सपा को वोट देकर हर जिले में माफिया गंज बनाएं? मोदी ने तीन तलाक रोकने संबंधी कानून पर कहा कि एक रिपोर्ट के अनुसार इसने उत्तर प्रदेश में हजारों मुस्लिम बेटियों की जान बचाई है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले पांच वर्षों में राज्य में गरीबों के लिए 34 लाख घर बनाए गए हैं, जिनमें से 13 लाख घर दलितों के लिए हैं। मोदी ने कहा कि इस बार रंगों की होली दस दिन पहले, दस मार्च (मतगणना वाले दिन) को हो जाएगी। मोदी ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का जिक्र करते हुए कहा ''राष्ट्रपति जी चूंकि कानपुर देहात के हैं इसलिए वह क्षेत्र को बहुत याद करते हैं।'' जनसभा को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी संबोधित किया।

सीएम चन्नी के हेलीकॉप्टर को नहीं मिली उड़ान भरने की इजाजत तो केंद्र सरकार पर बरसे सुनील जाखड़, कही यह बात

जालंधर। पंजाब में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है। इसी बीच मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के हेलीकॉप्टर को उड़ान भरने की इजाजत नहीं मिली। जिसकी वजह से मुख्यमंत्री चन्नी होशियारपुर में होने वाले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की रैली में शामिल नहीं हो पाए। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंजाब दौरे की वजह से प्रदेश में नो फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया गया। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक मुख्यमंत्री चन्नी ने कहा कि मैं सुबह 11 बजे ऊना में था। तभी अचानक

(होशियारपुर के लिए) उड़ान भरने की अनुमति प्रधानमंत्री मोदी के मूवमेंट के कारण अस्वीकार कर दी गई और नो–फ्लाई जोन घोषित कर दिया गया। मैं होशियारपुर में राहुल गांधी की रैली में शामिल नहीं हो पाया। मुझे उतरने की इजाजत थी। इस मामले को लेकर पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चन्नी को होशियारपुर आना था लेकिन केंद्र सरकार की वजह से चन्नी का कार्यक्रम रद्द हो गया। ऐसे में अगर चुनाव आयोग ने इसका संज्ञान नहीं लिया तो मैं समझ जाऊंगा कि यह चुनाव स्वांग मात्र है।

चारों नगर निगमों में भाजपा को लगा झटका, ममता बोलीं– मां, माटी, मानुष की हुई जबरदस्त जीत

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की चारों नगर निगमों बिधाननगर, सिलीगुड़ी, चंदरनगर और आसनसोल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने जीत दर्ज की। इसको लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदेशवासियों को शुक्रियाअदा किया। उन्होंने कहा कि यह एक बार फिर मां, माटी, मानुष की जबरदस्त जीत है। आसनसोल, बिधाननगर, सिलीगुड़ी और चंदनगोर के लोगों को नगर निगम चुनावों में अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) के उम्मीदवारों पर अपना विश्वास दिखाया। जिसके लिए मैं बधाई देती हूं। मुख्यमंत्री बनर्जी ने एक ट्वीट में कहा कि हम अपने विकास कार्यों को और अधिक जोश और उत्साह के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मां, माटी, मानुष को मेरा हृदय से आभार।

केंद्र सरकार पर बरसीं महबूबा मुफ्ती, बोलीं– पाकिस्तान से बातचीत जरूरी

जम्मू। जम्मू–कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने गुपकर आवास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि जम्मू–कश्मीर एक राजनीतिक मुद्दा है और अनुच्छेद 370 को वापस लेने से यह मुद्दा और जटिल हो गया है।

आपको बता दें कि 5 अगस्त, 2019 को केंद्र की मोदी सरकार ने जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 के कुछ प्रावधानों को समाप्त कर जम्मू–कश्मीर को दो केंद्रशासित प्रदेशों– जम्मू–कश्मीर और लद्दाख का स्वरूप दे दिया था। जिसको लेकर लगातार घाटी की सियासत गर्माती रही है। इतना ही नहीं घाटी के नेता लगातार मांग करते रहे हैं कि जम्मू–कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा फिर से बहाल किया जाए। हालांकि केंद्र सरकार ने भी कई दफा स्पष्ट किया है कि स्थिति सामान्य होने पर जम्मू–कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा वापस दे दिया जाएगा। पीडीपी प्रमुख ने कहा कि केंद्र–शासित प्रदेश में स्थिति दिन–ब–दिन बदतर होती जा रही है या बदतर बनाई जा रही है और लोगों को 5 अगस्त, 2019 के बाद से कई कठिनाइयों

का सामना करना पड़ रहा है, जब केंद्र सरकार ने अनुच्छेद–370 को निष्प्रभावी बना दिया था। उन्होंने कहा कि जम्मू–कश्मीर के लोगों के अधिकारों, भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त गारंटी, को रौंदने का प्रयास किया जा रहा है। परिसीमन आयोग की रिपोर्ट उसी का हिस्सा है और इसमें कोई नई बात नहीं है। यह लोगों को कमजोर करने की कोशिश भी है। इसी बीच महबूबा मुफ्ती ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के पास कश्मीर सहित तमाम मुद्दों के समाधान के लिए पाकिस्तान से बात करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। क्या कश्मीर के हालात हैं खराब ?: पीडीपी प्रमुख ने कहा कि कश्मीर के हालात पहले से भी ज्यादा खराब हैं। कोई भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। चाहे वो आम आदमी हो या पत्रकार। पत्रकारिता को एक अपराध के रूप में देखा जाता है और सच्चाई का गला घोंटा जा रहा है। सज्जाद गुल, फहद शाह और अन्य सहित कई पत्रकार सलाखों के पीछे हैं। कई एफआईआर में नाम आने के बाद कश्मीर से भाग गए हैं। ऐसी परिस्थितियों में चीजें कैसे काम कर सकती हैं और सच्चाई की जीत होती है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय निकायों से कश्मीर में गिरफ्तार पत्रकारों की तत्काल रिहाई के लिए आवाज उठाने का आग्रह किया। आपको बता दें कि संसद के बजट सत्र के पहले चरण के आखिरी दिन कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने लोकसभा में पत्रकारों की गिरफ्तारी का मुद्दा उठाया था। उस वक्त उन्होंने जानकारी दी थी कि मैंने संसद में प्रेस की आजादी का मुद्दा उठाया है। पत्रकारों को अपना काम करने के आरोप में गिरफ्तार किया जा रहा है। 2 कश्मीरी पत्रकारों को गिरफ्तार किया गया है। यह वाकई खतरनाक स्थिति है। सरकार को पत्रकारों को रिहा करना चाहिए और उन्हें अपना काम करने देना चाहिए। गिरफ्तार किए गए 2 कश्मीरी पत्रकारों में से एक फहद शाह साप्ताहिक ऑनलाइन पत्रिका श्द कश्मीरवालाश के संस्थापक संपादक हैं।

डीएम व एसएसपी ने शैडो एरिया के मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

बहराइच। विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, सकुशल, निर्विघ्न एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी के साथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 283–नानपारा अन्तर्गत शैडो एरिया में स्थापित मतदान केन्द्रों प्राथमिक विद्यालय शिवुपर मोहर्निया, बख्शी गॉव प्रथम, रामजानकी इण्टर कालेज रूपईडीहा तथा एसएसबी चौकी शिवपुरा व रंजीत बोझा का भ्रमण कर मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा क्षेत्र में नेटवर्क की उपलब्धता तथा सीमा क्षेत्र पर सीसीटीवी कैमरों की स्थापना इत्यादि के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी नानपारा अजित परेश, पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. जंग बहादुर यादव, तहसीलदार अमरकान्त वर्मा व अन्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एसएसबी चौकियों के निरीक्षण के दौरान जवानों के हौसला अफजाई के लिए डीएम व एसएसपी ने मिष्ठान का वितरण किया। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र ने प्राथमिक विद्यालय शिवुपर मोहर्निया के बच्चों से पठन–पाठन की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा शिक्षक की भूमिका निर्वहन करते हुए बच्चों को पढ़ाया तथा 02 बच्चियों रेनू और नन्दनी को कम्बल व स्टेशनरी तथा निरीक्षण के दौरान मौजूद अन्य सभी बच्चों को टाफी व स्टेशनरी का वितरण भी किया। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसएसपी ने मतदाताओं से सबसे पहले इस बात की जानकारी प्राप्त की कि किसी को मतदान करने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत तो नहीं है। क्षेत्र में कोई ऐसा व्यक्ति तो नहीं है जो मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश करता हो। लोगों से यह भी अपील की गयी कि निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। क्षेत्र में किसी प्रकार की रिश्वत, शराब या धनराशि के वितरण जैसी कोई बात सामने आये तो सम्बन्धित अधिकारियों को इसकी सूचना अवश्य दें। डीएम व एसएसपी ने मतदाताओं से अपील की कि मतदान हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है, इसलिए सभी लोग 27 फरवरी 2022 को मतदान करने जरूर आएं।

डीएम व एसएसपी ने किया कन्ट्रोल रूम व सी–विजिल कक्ष का निरीक्षण

बहराइच। विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित निर्वाचन कन्ट्रोल रूम व शिकायत प्रकोष्ठ, सी–विजिल, वीडियो अवलोकन टीम कक्ष तथा एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि सभी अधिकारी व कर्मचारी आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार अपने कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। वीडियों अवलोकन टीक कक्ष के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र ने निर्देश दिया कि जो भी सी. डी. प्राप्त हों उनका तिथि सहित पूरा विवरण अंकित कर अग्रेत्तर कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

निर्वाचन कन्ट्रोल रूम व शिकायत प्रकोष्ठ के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसएसपी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र नानपारा के एफएसटी टीम प्रथम के सौरभ कुमार पाण्डेय से दूरभाष पर वार्ता कर उनके लोकेशन तथा संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। श्री पाण्डेय द्वारा अवगत कराया गया कि टीम की लोकेशन शिवपुर बाजार है और अब तक 54 वाहनों की चेकिंग की गयी है। इसके अलावा कैसरगंज क्षेत्र के एफ. एस.टी. टीम प्रभारी राज मणि वर्मा से लोकेशन की जानकारी करने पर बताया गया कि कैसरगंज टीम की लोकेशन कैसरगंज थाने के निकट है अब तक 15 वाहनों की जॉच की जा चुकी है। डीएम व एसएसपी द्वारा टीमों का सुझाव दिया गया कि भ्रमणशील रहकर अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन पूरी संजीदगी के साथ करें।

एम्बुलेंस में प्रसूता ने दिया बच्चे को जन्म

बहराइच ।एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाने के दौरान प्रसव पीड़ा होने पर एम्बुलेंस टेक्नीशियन ने कराया सुरक्षित प्रसव। प्रसूता ने दिया बच्चे को जन्म।बताया जाता है कि शिवुपर के बढ़ा चंदेला के संजय की 28 वर्षीय पत्नी सरोज को रविवार सुबह तेज प्रसव पीड़ा हुई परिजनों ने इसकी सूचना आशाबहु को दी। और संजय के बड़े भाई ज्ञानेंद्र ने 108 नंबर पर फोन कर एंबुलेंस की सहायता मांगी है एंबुलेंस यूपी 41 जी 2869 लगभग 35 मिनट के अन्दर गांव पहुँच कर सीएचसी ले गई। सीएचसी परिसर में तेज प्रसव पीड़ा होने पर एम्बुलेंस टेक्नीशियन सन्तोष ने सुरक्षित प्रसव कराया। सरोज के घर वालो ने बताया कि जच्चा व बच्चा दोनों सुरक्षित है।

अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली गड्ढे में पलटी, 6 घायल

कुमारगंज पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली सहित बाइक को लिया कब्जे में

मिल्कीपुर–अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित पासिन पुरवा के पास तेज रफ्तार जा रहे ट्रैक्टर चालक ने अनियंत्रित होकर दो बाइकों को सामने से तेज टक्कर मार दी और एक बाइक के ऊपर ट्रैक्टर पलट गया। हादसे में आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष कुमारगंज वीर सिंह ने आनन–फानन में घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया और सड़क के किनारे गड्ढे में पलटी ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बिना नंबर का स्वराज ट्रैक्टर जिसने चालक ने 2 चक्के की ट्रॉली जोड़ रखी थी। कच्ची ईंट लोड कर कुमारगंज की तरफ से मिल्कीपुर की ओर जा रहा था। थाना क्षेत्र स्थित पासिन का पुरवा के पास निर्माणाधीन एन एच 330 ए पर निर्माणाधीन पुलिया के पास ट्रैक्टर चालक तेज रफ्तार होने के चलते अनियंत्रित हो गया और पहले सामने से आ रहे एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार महिला एवं दो बच्चे तथा बाइक चालक युवक सड़क से दूर जा गिरे। इतने में अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ने सामने से ही आ रहे दूसरे बाइक सवार युवकों को टक्कर मारते हुए सड़क के किनारे गड्ढे में जाकर पलट गया। ट्रैक्टर के चक्के के नीचे दूसरी हीरो बाइक यूपी 42 डब्लू 6492 दब गई। हालांकि बाइक पर सवार दोनों युवक ट्रैक्टर से टक्कर के बाद काफी दूर जा गिरे।

ट्राली पलटने के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में खंडासा थाना क्षेत्र निवासी 30 वर्षीय युवक जय दीप सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह एवं 26 वर्षीय हेमंत पांडे तथा हैरिंग्टनगंज स्थित अपनी ससुराल से भाई गोलू शुक्ला के साथ अपने 4 वर्षीय बेटे शुभ तिवारी एवं 6 वर्षीय बेटी आराध्या तिवारी को लेकर अपने मायके जामो जनपद अमेठी जा रही महिला संध्या तिवारी भी गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बीच–बचाव किया और घटनाक्रम की जानकारी कुमारगंज थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष वीर सिंह एवं बीट प्रभारी उप निरीक्षक उमेश वर्मा के साथ पुलिस फोर्स लेकर मौके पर पहुंच गए। उन्होंने एंबुलेंस कॉल कर आनन–फानन में घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया और सड़क के किनारे गड्ढे में पलटी ट्रैक्टर ट्राली एवं उसके नीचे दबी बाइक को निकलवा कर कब्जे में ले लिया था थाने ले गए। थाना दलबीर सिंह ने बताया कि मामले में अभी तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर ली जाएगी।

कार की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

अयोध्या। शनिवार की रात अयोध्या–लखनऊ राजमार्ग पर कार सवार की टक्कर से साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि कार में मौजूद तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजवारीजनों को सौंप दिया है। उधर, मृतक के गांव में कोहराम मच गया। परिवारीजन गमगीन हैंथाना कैंट स्थित फतेहपुर सरैया निवासी 60 वर्षीय रामसनेही यादव साइकिल से औद्योगिक क्षेत्र से काम कर अपने घर जा रहा था। इस दौरान हाईवे पर सलारपुर स्थित दीनबंधु ढाबे के पास तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार बुजुर्ग को पीछे से टक्कर मारते हुए कुचल दिया। हादसे में बुजुर्ग ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद कार भी एक डिवाइडर से जा भिड़ी, जिसमें कार सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुताई करते वक्त हाईटेंशन विद्युत की चपेट में आए तीन युवक, एक की मौत

बीकापुर–अयोध्या। कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के विनायक विद्यालय में तीन मजदूर रंगाई पुताई भवन की करते समय लोहे की सीढ़ी हाई वोल्टेज विद्युत तार मे छू जाने से तीन मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर पर लाया गया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक संत कुमार मौर्या के द्वारा अर्जुन चौहान पुत्र सुखराम चौहान उम्र 22 निवासी बडनपुर थाना बीकापुर को मृत घोषित कर दिया। 2 मजदूर गंभीर रूप झुलसे धर्मेंद्र कुमार पुत्र राम कृपाल, रविंद्र कुमार पुत्र मिठाई निवासीगण कोछा मजरा मठिया का प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद गहन इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर पर कोतवाली पुलिस पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक मणि शंकर तिवारी ने बताया कि अभी तक घटना के बारे में कोई तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। दूसरी तरफ विद्युत करंट से हुई मौत की सूचना पर मृतक के परिवार में कोहराम मच गया बताया गया कि मृतक की शादी मई माह में होना तय हुआ था।

2017 से ही सपा सदस्य नहीं हैं अशोक सिंह

अयोध्या। मया ब्लॉक के पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह समाजवादी पार्टी के सदस्य 2017 से नहीं है। यह दावा समाजवादी पार्टी ने अपने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से किया है । पार्टी के जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव का कहना है कि गोसाईगंज विधानसभा के मया बाजार के पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन की है उनका यह कहना कि वे समाजवादी पार्टी छोड़ कर आए हैं गलत है। यादव ने बताया कि समाजवादी पार्टी अपने दम पर जिले की पांचों विधानसभा सीटों को जीतेगी और उसे सभी वर्गों का सहयोग मिल रहा है।

सपा उम्मीदवार ने क्षेत्र का किया भ्रमण

सोहावल–अयोध्या। बीकापुर विधान सभा से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार हाजी फिरोज खान गब्बर ने आज बीकापुर विधानसभा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्र का भ्रमण किया। नंदीग्राम, रैथुआ, भरतकुंड, पिपरी, नंदरौली, सराय भनौली,खजुराहट, किसानगंज, उमरी पिपरी, रामपुर भगन, गुन्धौर, दशरथपुर चौराहा, पोहपी, काजी सराय, शाहगंज, उम्मरपुर का भ्रमण करके जनता जनार्दन से आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं बीकापुर विधानसभा प्रभारी एजाज अहमद, विधानसभा अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल, राम चेत यादव, संजय यादव, जयप्रकाश यादव, चेयरमैन जुग्गीलाल यादव, अजय यादव श्याम, मेवा लाल यादव राम प्रसाद यादव, संजय कुमार निषाद, अशोक वर्मा, अमरनाथ यादव, राम बरन कोरी, जगराम भारतीय, दिलीप पाल विश्वकर्मा, संतोष यादव, माता प्रसाद यादव, शिव शंकर चौहान, सोनू यादव, अमित यादव, राज कुमार कोरी, इंद्रजीत निषाद, हौसला प्रसाद निषाद, गंगाराम वर्मा, अरुण यादव, गोविंद यादव, राम नाथ कोरी आदि मौजूद रहे।

4 लाख 80 हजार रुपये

रुपयों से संबंधित दस्तावेज नहीं दिखा पाने पर जब्त किया गया

अयोध्या। विधानसभा चुनाव में धनबल रोकने के लिए एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए एसएसपी शैलेश पांडेय के आदेश पर जनपद में सभी थाना पुलिस अभियान चला रही है। इसके लिए मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई है।

इसी क्रम में महराजगंज पुलिस स्थायी निगरानी टीम (स्टैटिक टीम) मजिस्ट्रेट विन्देश्वरी प्रसाद और एसआई हरिप्रसाद शुक्ला वाहनों की जांच कर रहे थे। मया ब्लाक के सामने चल रही संयुक्तटीम की चेकिंग के दौरान शनिवार आधीरात करीब 11.45 बजे सफेद रंग की स्वीफ्ट डिजायर कार यूपी 45 एम 9888 पहुंची। रुकने का ईशारा करने पर चालक कार को आगे बढ़ाकर रोका। कार अयोध्या की तरफ से मया बाजार होते हुए टांडा की तरफ जा रही थी। कार रूकते ही उसमें से एक व्यक्ति गाड़ी से बैग निकालकर भागने की कोशिश की। जिसे पुलिस टीम ने घेर कर पकड़ लिया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम बरकत अली पुत्र अकबर अली निवासी ग्राम कस्बा छोटी बाजार थाना अलीगंज जनपद अम्बेडकरनगर बताया। बैग की तलाशी पर 04 लाख 80 हजार रुपये उसमें मिले। थानाध्यक्ष महराजगंज व स्थायी निगरानी टीम (स्टैटिक टीम) की पूछताछ में बताया कि गाड़ी मे बैठे अब्दुल कादरी निवासी मीरानपुरा थाना टाण्डा जनपद अम्बेडकर नगर का पैसा है। रुपयों के बारे में बताया कि रस्तोगी ग्लास हाउस निकट देवकाली ओवर ब्रिज अयोध्या से आवश्यक कार्य को मांग कर ले जा रहे थे। लेकिन कोई भी कागजात नहीं दिखा सका। निगरानी टीम ने विधिक कार्रवाई करते हुए जांच पूर्ण होने तक उक्त बरामद रुपयों को जब्त कर लिया। जिसे राजकीय कोष मे जमा कराया जा रहा है।

ने थामा भाजपा का दामन

सैकड़ों समर्थकों के साथ ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

अयोध्या। गोसाईगंज विधानसभा में सपा को करारा झटका लगा है। पूर्व ब्लाक प्रमुख मया अशोक सिंह ने दर्जनों बीडीसी, दर्जनों ग्राम प्रधान व सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह व पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने उन्हें पार्टी का झण्डा देकर सदस्यता ग्रहण करायी। अशोक सिंह इससे पहले भाजपा में रह चुके है। करीब अठ्ठारह वर्ष पहले वह सपा में चले गये थे। 50 किलो का माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। अशोक सिंह ने कहा कि भाजपा उनका पुराना घर है। वह हृदय से हमेशा भाजपा की नीतियों के समर्थक रहे है। इस चुनाव में अंतिम व्यक्ति के उत्थान के परिकल्पना को जमीन पर सार्थक करने करने वालों की विजय होगी। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि अशोक सिंह के भाजपा में शामिल होने से इसका असर गोसाईगंज समेत जिले की सभी विधानसभा में पड़ेगा। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर आम जनता में उत्साह का माहौल है। अशोक सिंह के साथ भाजपा की सदस्यता लेने वालों में ग्राम प्रधान रेहड़ी विशाल वर्मा, छतरा अमित यादव, देवगिरिया विवेक पटेल, बरईपारा सुधीर वर्मा, रकौरा घनश्याम कन्नौजिया, अमौनी संतोष सिंह, दुर्गापुर रमपुरवा जय प्रकाश प्रजापति व क्षेत्र पंचायत सदस्यों में जरही के भरत विश्वकर्मा, कुम्हिया पश्चिमी के महेश कुमार निषाद, कुम्हिया पूर्वी के पूनम निषाद, मलखानपुर के गंगाराम वर्मा, मो पुर कस्बा के रामसकल, रामपुर बैखरी के सच्चाराम यादव तथा अन्य शामिल होने वालां में पवन कुमार वर्मा, प्रदीप, कपूर, चन्द्रकेश सिंह, समर सिंह, जितेन्द्र सिंह, हनुमान सिंह, नंद कुमार सिंह, बजरंग सिंह, अनिल सिंह, राहुल सिंह, निक्कू राजभर, विजयभान राजभर, जगदीश राजभर, राम प्रताप माझी, अरविंद माझी, प्रदुम्न मांझी, भगेलू राजभर, अब्दुल कलाम प्रमुख रुप से शामिल रहे। पूर्व जिलाध्यक्ष कमलाशंकर पाण्डेय, भाजपा नेता विकास सिंह, मया ब्लाक प्रमुख कप्तान सिंह, मया अध्यक्ष घनश्याम पाण्डेय, राघवेन्द्र पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जनसंपर्क यात्रा में विधायक ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

मिल्कीपुर–अयोध्या। मिल्कीपुर विधायक गोरखनाथ बाबा ने किया जनसंपर्क मिल्कीपुर विधानसभा के उधई,धनैचा धमथुवा, नरेंद्राभादा, मरुई गणेशपुर ,गोकुला, पूरब गांव ,सिधौना,तेंधा, बरईपारा, बलारमऊ, जोरियम, इसौली भारी, शिवनाथपुर, की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि पहले की सरकार मे बिजली एक हफ्ते दिन 1 हफ्ते रात रहती थी ट्रांसफार्मर जल जाता था तो चंदा लगाकर ट्रांसफार्मर ग्रामीणों को लगवाना पड़ता था, लेकिन भाजपा सरकार जब से आई है तब से बिजली सुचारू रूप से चल रही है ,और ग्रामीणों को राशन महीने मे दो बार समय से उपलब्ध हो रहा साथ में रिफाइंड चना और नमक भी दिया जा रहा है भाजपा सरकार गरीबों का हमेशा का ख्याल रखती है और आगे भी रखेगी,सबसे अधिक गरीबों को आवास देने का काम भाजपा सरकार ने किया है, पिछले 25 सालों में कोई भी सरकार इतना आवास नहीं दे पाई योगी सरकार ने घोषणा की है कि साल में दो बार होली और दीपावली मे फ्री सिलेंडर गरीबों को दिया जाएगा। हमारी सरकार बनते ही शादी अनुदान के रूप मे गरीब कन्याओं को एक लाख रूपये दिया जाएगा। पहले पेंशन के रुप मे सिर्फ पांच सौ रूपये मिलते थे लेकिन हमारी सरकार ने एक हजार किया और अब सरकार बनते ही पेंशन के रूप में पन्द्रह सौ रुपए मिलेंगे, मिल्कीपुर भाजपा प्रत्याशी गोरखनाथ बाबा ने ग्रामीणों से कहा कि भाजपा की सरकार बनाइए मैं स्वयं गांव गांव जाकर जो लोग आवास से वंचित रह गए हैं उन्हें आवास दिलाने का काम करेंगे जब तक सभी गरीबों को आवास नहीं मिल जाता मैं चौन से नहीं बैठूंगा। पहले लोग कहते थे कि तारीख नहीं बताएंगे लेकिन हमने तारीख भी बताया और मंदिर निर्माण का कार्य चल रहा है भाजपा सरकार ने धारा 370 और तीन तलाक को खत्म करने का काम किया है। तथा उन्होंने अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अजय तिवारी, सेक्टर प्रभारी पूरन चंद, पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरसेन सिंह ,प्रधान प्रतिनिधि गोकुला लल्लू पासी, आशुतोष सिंह, अंजलि कौशल, संतोष सिंह, आकाश सिंह ,दयानंद पांडे, विधायक के निजी सचिव महेश ओझा ,विकास उपाध्याय ,राजू जायसवाल, गुरु प्रसाद त्रिपाठी, अजय विक्रम सिंह, करुणा पांडे सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

किसान मोर्चा ने भाजपा को चुनाव में सजा देने की किया अपील

अयोध्या। संयुक्त किसान मोर्चा जिला कमेटी अयोध्या केसहयोगियों ने प्रेस क्लब सभागार में प्रेस वार्ता कर 27 फरवरी को होने वाले मतदान में वोट की चोट से भारतीय जनता पार्टी की सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने की अपील संयुक्तकिसान मोर्चा के जिला संयोजक मायाराम वर्मा ने कहा कि जनपद अयोध्या में जो प्रत्याशी भाजपा प्रत्याशी को हराता दिख रहा हो उसी के पक्ष में जनता से मतदान करने की अपील किया तथा लखीमपुर खीरी हत्याकांड के आरोपी आशीष मिश्र की रिहाई तथा निर्दोष किसानों को जेल में निरुद्ध करना भाजपा के दोहरेचरित्र को उजागर करता है । इस मौके पर संयुक्त किसान मोर्चा के सह संयोजक चौधरी राम सिंह पटेल कमला प्रसाद बागी राम तीरथ पाठक मोहम्मद इसहाक अवध राम यादव रामशंकर वर्मा अतीक अहमद अशोक कुमार यादव बाबूराम यादव तथा चांद मोहम्मद जफर इकबाल अवधेश रावत शामिल रहे ।

विकास की राजनीति करती है कांग्रेसः शिवपूजन पाण्डेय

कांग्रेस प्रत्याशियों ने तेज किया चुनाव प्रचार

अयोध्या। कांग्रेस प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार प्रसार किया तेज,कांग्रेस के प्रत्याशी सहित समर्थक रात ओर दिन जीतने की दौड़ में जुटे है ,प्रचार और प्रसार करने,कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी नेता सहित कार्यकर्ता अपने प्रत्याशियों के लिए पूरी ताकत लगा दिए हैं, अयोध्या विधान सभा में सेवा दल अध्यक्ष बसन्त मिश्रा के नेतृत्व में उवकीं कौशलपुरी खोजनीपुर में सघन जनसम्पर्क किया गया। बीकापुर विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश यादव ने बाजारो में जनसभा कर मत की अपील की। अखिलेश यादव ने कहा सामंतवादी सोच की सरकार सिर्फ उद्योगपतियों के विकास में लगी है आम जनता से उसका कोई सरोकार नही। महंगाई से जनता त्रस्त है। सरकार अपने पांच साल के कार्यकाल का हिसाब नही दे पा रही। गोसाईगंज कार्यवाहक अध्यक्ष शिवपूजन पांडे के नेतृत्व में पार्टी प्रत्याशी शारदा जायसवाल के लिए वोट मांगे गए। वही मिल्कीपुर विधानसभा में पार्टी प्रत्याशी बृजेश रावत ने भारी लाव लश्कर के साथ विभिन्न ग्राम सभाओं में जनसंपर्क किया। बीकापुर विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश यादव ने पीरखोली बहराए टाढ़िया चौराहा जैनपुर दशरथपुर शिकवा नेवादा गंजड़ी मलेथ देवली दक्षिण पारा भवापुर में जनसभा कर मत की अपील की। अखिलेश यादव ने कहा सामंतवादी सोच की सरकार सिर्फ उद्योगपतियों के विकास में लगी है आम जनता से उसका कोई सरोकार नही। महंगाई से जनता त्रस्त है। सरकार अपने पांच साल के कार्यकाल का हिसाब नही दे पा रही।

अयोध्या। कांग्रेस पार्टी जाति और धर्म की राजनीति ना कर विकास की राजनीति करती है कांग्रेस की सोच देश को आगे ले जाने की सोच है उक्त उद्गार कार्यवाहक जिला अध्यक्ष शिवपूजन पांडे ने गोसाईगंज विधानसभा अंतर्गत तारुन ब्लॉक के उद्घाटन में कहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में किसान नौजवान बेरोजगार सभी परेशान है कांग्रेस यदि सरकार में आती है किसानों का कर्जा माफ होगा, बिजली का बिल हाफ होगा ,संविदा कर्मियों को रेगुलर किया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख प्रमुख रूप से एआईसीसी सदस्य अशोक सिंह पीसी सदस्य अशोक सिंह ब्लॉक अध्यक्ष उमाकांत गुप्ता दयाशंकर तिवारी प्रदीप निषाद यशवीर सिंह हृदय नारायण मिश्रा तमाम न्याय पंचायतों के अध्यक्ष उपस्थित थे उक्त जानकारी देते हुए पार्टी प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया की कार्यवाहक जिला अध्यक्ष शिवपूजन पांडे ने विभिन्न ब्लाकों में प्रभारी भी नियुक्त किए मया में हृदय नारायण मिश्र तारुन में यशवीर सिंह मिल्कीपुर में दिनेश शुक्ला हैरिंग्टनगंज ओमप्रकाश सिंह को बनाया गया है

चौपाल के माध्यम से सांसद जगदंबिका पाल ने किया अपील भाजपा को करें वोट

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज के विधानसभा के खशरा पोखर मे सांसद जगदंबिका पाल ने वहां के प्रत्याशी राघवेंद्र प्रताप सिंह के लिये लोगो से अपील की चौपाल के माध्यम से उन्होने कहा की पिछली सरकारों में बाढ़ के कारण फसल नष्ट हो जाती थी किसानों को मुआवजा नहीं मिलता था लेकिन आज योगी की सरकार में किसानों को फसल का मुआवजा दिया जा रहा है जब भी आप लोगों ने योगी को आवाज दिया योगी डुमरियागंज आकर खड़े हो जाते थे इस सरकार में जब डुमरियागंज में बाढ़ आई तो आंसू पोछने का काम यदि विधायक राघवेंद्र सिंह ने किया तो आपके बीच योगी आदित्यनाथ भी आकर खड़े हुए यह तभी संभव हुआ जब आप लोगो ने राघवेंद्र सिंह को चुना उक्त बातें सांसद जगदंबिका पाल ने चौपाल के माध्यम से लोगो से कहा इस अवसर पर विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र मणि लवकुश ओझा जिला पंचायत सदस्य सबलू साहनी प्रिन्स शर्मा अमरेन्द्र सिंह कासिम रिजवी आदि लोग मौजूद थे।

भुगतान के बाद भी नहीं हुआ ग्राम पंचायतों में कार्य

पंकज चौबे/
दैनिक बुद्ध का संदेश

बढ़नी/सिद्धार्थनगर। गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए पंचायती राज का गठन किया गया है, ताकि समस्या को गांव के लोग आपस मे मिलकर सुलझा सके और गांवों की छोटी, मोटी समस्या को पंचायत के प्रधान–सचिव, ग्रामवासी मिलकर दूर कर सकें। इसके लिए ग्राम पंचायत में मूलभूत राज्यबित्त चौदहवें वित्त व अन्य योजनाओं से पंचायत की खाते में राशि आती है, जिससे पंचायत की आवश्यकता अनुसार खर्च किया जाता है लेकिन बढ़नी विकासखंड में इस योजना का पैसा विकास के बजाय फर्जी बिल लगाकर किया गया है, जो सरकार व जनता के पैसे को प्रधान व ग्राम पंचाायत अधिकारी व संबंधित विभाग में बैठे आला अफसर की मिलीभगत दर्शाता है। बढ़नी विकासखंड के ग्राम पंचायत पड़रिया में फर्जी बिल लगाकर जनता के विकास करने के बजाए हजम कर रहे हैं। दरअसल पंचायत भवन में महिला पुरुष शौचालय निर्माण के लिए 7दिसंबर 21को लक्ष्मी एंटरप्राइजेज एक लाख पैतालीस हजार की राशि का भुगतान किया गया, जिसमे शौचालय में कोई भी कार्य नही कराया गया। ग्राम पंचायत में आज भी मूलभूत समस्या बनी हुई है। जिसके समाधान करने के बजाए सरकारी धन का खुला दुरुपयोग प्रधान के द्वारा किया जा रहा है। जिस पर कोई भी अंकुश नहीं लगाया जा रहा है। ग्राम पंचायत के प्रधान के द्वारा पंचायती राज अधिनियम को किनारे करते हुए अपने नियम पंचायत में चला रहे हैं। पंचायत में व्यय करने के लिए जो राशि आती है वो राशि पंचायत पदाधिकारियों के लिए चारागाह साबित हो रही है। पंचायती राज अधिनियम के सारे नियम कानून को किनारे कर अपना कानून चला रहे कोई अंकुश लगाने वाले नहीं हैं।

जिलाधिकारी दीपक मीणा ने किया मतदान केन्द्र चुरिहारी, महदेवा बुजुर्ग, उसका राजा का निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल, निष्पक्ष, स्वतन्त्र एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी दीपक मीणा तथा पुलिस अधीक्षक डा0 यशवीर सिंह द्वारा मतदान हेतु बनाये गये मतदान केन्द्र पूर्व प्राथमिक विद्यालय चुरिहारी, प्राथमिक विद्यालय, महदेवा बुजुर्ग, प्राथमिक विद्यालय उसका राजा विकास खण्ड उसका बाजार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्र पर बिजली, शौचालय, रैम्प, फर्नीचर हैण्ड पम्प ठीक हालत में है। बी.एल.ओ. से वोटर लिस्ट के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने तहसीलदारध्खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि जहां पर कोई भी कमी हो तो उसे तत्काल ठीक कराने का निर्देश दिया गया।

भाजपा कार्यालय पर पुलवामा शाहीदो को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। 14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर के पुलवामा

में सीआरपीएफ के काफिले पर आतंकवादियों द्वारा किए गए कायराना हमले में वीरगति को प्राप्त हुए मां भारती के अमर वीर सपूतों को पुलवामा हमले की तीसरी वर्षी पर जनपद मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट के सामने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर आशीष शुक्ला, तेजू विश्वकर्मा, डॉ रामानंद वर्मा, रमेश शुक्ल, अरविन्द दिवेदी, सुरेंद्र पांडे, अशोक तिवारी आदि मौजूद रहे।

शोहरतगढ़ में 07 तो डुमरियागंज से 01 का नामांकन खारिज

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 के लिए विधानसभा क्षेत्र–(302) शोहरतगढ़ से दुर्गावती जन अधिकार पार्टी, ब्रजवासिनी गिरि निर्दल, राम विनेश निषाद निर्दल, किरन निषाद, इंडियन नेशनल लीग पार्टी, रामधारी निर्दल, ललिता देवी, निर्दल, सुरेन्द्र नारायण निर्दल का हो गया। विधानसभा क्षेत्र–(303) कपिलवस्तु (अ0जा0) से किसी भी प्रत्याशी का नामांकन खारिज नही हुआ है। विधानसभा क्षेत्र–(304) बांसी से किसी भी प्रत्याशी का नामांकन खारिज नही हुआ है। राम भवन लोधी निर्दल द्वारा अपना पर्चा वापस ले लिया गया है। विधानसभा क्षेत्र–(305) इटवा से किसी भी प्रत्याशी का नामांकन खारिज नही हुआ है।विधानसभा क्षेत्र–(306) डुमरियागंज से करीमुल्लाह निर्दल का नामांकन खारिज हो गया है।

कठपुतलियां देंगी पर्यावरण, स्वास्थ्य और कृषि पर जानकारी

बांसी/सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, भारत सरकार तथा इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एडवांस स्टडीज यानी आईएमएएस के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय कार्यशाला डायट में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. हंस राज नायक ने बताया कि लोक माध्यमों से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार तथा गांव आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत 14 से 19 फरवरी तक चलने वाली इस कार्यशाला में 40 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इसमें कठपुतली माध्यम से पर्यावरण, स्वास्थ्य और कृषि संबंधी जानकारी बड़ी ही रोचक और सरल माध्यम से दी जाएगी। पहले प्रतिभागी कार्यशाला में कठपुतली निर्माण और उसका संचालन तथा स्क्रिप्ट राइटिंग और पुतुल नाटक लेखन सीखेंगे। बाद में यही प्रतिभागी जनपद के विभिन्न गांवो में जाकर पर्यावरण, स्वास्थ्य और कृषि संबंधी विषयों पर लोगों को जागरूक करेंगे। कार्यशाला में इन क्षेत्रों के विशेषज्ञ आकर प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करेंगे। कार्यशाला के पहले दिन पुतुल कला विशेषज्ञ श्रीनारायण श्रीवास्तव ने पुतुल नाटक का मंचन कर प्रतिभागियों को दिखाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की पुतुल यानी कठपुतली कला भारत में बहुत ही पुरानी है। पहले लकड़ी से पुतलियां बनाई जाती थी। इसीलिए इनका नाम कठपुतली पड़ा लेकिन अब कई प्रकार से पुतुल का निर्माण किया जाता है। कार्यशाला के पहले दिन सभी प्रतिभागियों को पर्यावरण, स्वास्थ्य और कृषि संबंधी विषयों पर स्क्रिप्ट लिखकर लाने को कहा गया, जिसे बाद में पुतुल नाटक के रूप में परिवर्तित किया जाएगा।

नवनिर्मित श्री हनुमान मंदिर का वैदिक अनुष्ठान के बीच प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। शहर के भीमापार में नवनिर्मित श्री हनुमान मंदिर में सोमवार को वैदिक अनुष्ठान के बीच प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा समारोह सम्पन्न हुआ। पांच दिवसीय आयोजन के चौथे दिन शास्त्रोचित तरीके से आध्यात्मिक आह्वान के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने गंगानभेदी जयकारे लगाए। मुख्य यजमान और मंदिर के स्थापनकर्ता ओम प्रकाश चौबे के अनुसार मंगलवार को अंतिम दिन प्रख्यात भजन गायक नंदू मिश्र की सांध्यकालीन प्रस्तुति होगी जबकि दिन में भंडारा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम सुनिश्चित है। दक्षिण भारतीय स्थापत्य कला के प्रतिबिम्ब के रूप में निर्मित श्री हनुमान मंदिर में श्याम वर्ण हनुमान प्रतिमा की प्रतिष्ठा का समारोह 10 फरवरी को विधि विधान से प्रारंभ हुआ। काशी के वैदिक विद्वान की अगुवाई में पुष्पाधिवास के उपक्रम से शुरू हुई श्रृंखला प्रतिदिन विशिष्ट आयोजनों को पूर्ण करती हुई सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा के रूप में दैविक छटा बिखेरने में सफल रही। मुख्य यजमान ओपी चौबे ने कहा कि वर्षों पूर्व किया गया संकल्प को साकार कर पाने में सिर्फ हनुमत कृपा का ही योगदान है। उन्होंने कहा कि जनपदवासियों को संकटमोचन का नित्यप्रति दर्शन–कृपा प्राप्त होती रहे, इस सुविधा का आधार बनने में जो आत्मिक संतुष्टि मिली है उसका वर्णन नही किया जा सकता। कार्यक्रम में राजू श्रीवास्तव, डब्लू पांडे, नन्हें सिंह, अजीत सिंह, पिंटू राय, राजू चौबे, राकेश पांडे, गुड्डू सिंह, पीयूष चौबे, श्यामनारायण चौबे, मोहित सिंह, शिवेंद्र सिंह, अंकित छापड़िया, गल्लर सिंह, श्रीश चौधरी, सुभाष पांडे, संजीव सिंह, छोटू चौबे, सत्यम उपाध्याय, अविनाश पांडे, रजनेश धर दुबे, छोटे चौबे, फतेबहादुर सिंह, विजय पांडे, शशांक पांडे, पिंटू चौबे, लल्लू खान, सक्षम चौबे, जय सिंह चौधरी, राम सिंह चौधरी, प्रतीक श्रीवास्तव, पवन पाठक सहित सैकड़ों हनुमान भक्त मौजूद रहे।

मिशन 2022 को मजबूत करें युवा साथी–बनवारी गुप्त भारत

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ/सिद्धार्थनगर। समाजवादी पार्टी की एक आवश्यक बैठक नगर पंचयात शोहरतगढ़ में सम्पन्न हुई, बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के नेता व पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष बनवारी गुप्त भारत ने कहा की 2022 का विधानसभा चुनाव एक ऐतिहासिक अवसर है, सभी नवजवान, छात्र, और व्यापारियों ने यह निर्णय कर लिया है कि 2022 में सपा को पूर्ण बहुमत में ले कर आ रहे है, जल्द ही समाजवादी साथी 5 लोगो की टोलियों में गॉव, गॉव जा कर पूरे जिले समाजवादी पार्टी के विधानसभा प्रत्याशी जनों का पूरे जोर और शोर से प्रचार का कार्य करेंगे। बैठक का संचालन कर रहे छात्रसभा जिला सचिव वकार मोइज खान ने कहा की जनता अब 10 मार्च का बेसब्री से इंतजार कर रही है और समाजवादी पार्टी 300 प्लस सीट जीत कर सरकार बनाने जा रही है। बैठक में प्रिंश, प्रकाश आर्य, अखिलेश, मो0 साकिब, एजाज अंसारी, विपिन गुप्ता, सुनील, राधेश्याम, राज, जितेंद्र, मो0रफीक, सलीम, आदि मौजूद रहे।

सम्पादकीय

ट्रांसजेंडर्स तक पहुंचें

ऐसे में किसी भी सरकारी योजना का लाभ उठाना इनके लिए खासा मुश्किल होता है। मौजूदा पहल के साथ भी यह शर्त रखी गई है कि इसका लाभ उन्हीं को मिलेगा जिनके पास मिनिस्ट्री अश्वफ सोशल जस्टिस एंड एंपावरमेंट की ओर से जारी टीजी सर्टिफिकेट है। सरकारी पोर्टल के माध्यम से ...

केंद्र सरकार की ओर से देश की ट्रांसजेंडर कम्युनिटी को मुख्यधारा में लाने के लिए शनिवार से शुरू की जा रही पहल सराहनीय है। इसके तहत आयुष्मान भारत टीजी और ट्रांसजेंडर बच्चों को पढ़ाई के लिए स्कॉलरशिप जैसी योजनाओं का लाभ इस समुदाय के लोगों तक पहुंचाते हुए उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने के प्रयास किए जाने हैं। आयुष्मान भारत टीजी (ट्रांसजेंडर) योजना के जरिए लिंग परिवर्तन सर्जरी और उससे जुड़े तमाम पहलुओं को कवर किया जाता है। अब सपोर्ट फॉर मार्जिनलाइज्ड इंडिविजुअल्स फॉर लाइवलीहुड एंड एंटरप्राइज यानी स्माइल योजना की दो उपयोजनाओं में ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों तथा भीख मांगने के कार्य में लगे व्यक्तियों के पुनर्वास के कदम भी शामिल हैं। बताया गया है कि उन्हें आयुष्मान भारत टीजी योजना के तहत आईडी कार्ड भी मुहैया कराया जाएगा। इन योजनाओं के पीछे इरादे बेशक नेक हैं, लेकिन इनका वास्तव में कितना फायदा इस समुदाय के लोगों तक पहुंचता है यह साफ होने में थोड़ा वक्त लगेगा। इसमें दो राय नहीं कि आज भी इस समुदाय के लोगों को समाज में हर स्तर पर भेदभाव और अक्सर दुर्व्यवहार का भी सामना करना पड़ता है। कुछ ऐसे उदाहरण जरूर मिलते हैं जिनमें इनकी असाधारण उपलब्धियों को मान्यता मिलती नजर आती है, लेकिन वे अभी अपवाद रूप में ही हैं। आम तौर पर पढ़ाई से लेकर रोजगार तक इन्हें या तो अपनी असली पहचान छुपानी पड़ती है या फिर कदम–कदम पर अपमान सहना पड़ता है। ऐसे में अगर सरकार ऐसी कोई पहल करती है, जिससे इस समुदाय के लोगों की स्वास्थ्य सुविधाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित हो और वे पढ़ाई करके योग्यता के अनुरूप रोजगार हासिल कर सकें तो इससे अच्छी बात दूसरी नहीं हो सकती। लेकिन वास्तव में इन योजनाओं का लाभ इस समुदाय के सभी लोगों तक पहुंचाना कितना मुश्किल है, इसका अंदाजा लॉकडाउन के दौरान मिले अनुभव से होता है। उस दौरान सरकार ने घोषणा की थी कि ट्रांसजेंडर समुदाय के हर व्यक्ति के खाते में 1500 रुपये डायरेक्ट ट्रांसफर किए जाएंगे। गौरतलब है कि लाखों की संख्या में होने के बावजूद तब मात्र 5,711 ट्रांसजेंडर्स को रकम भेजी जा सकी। वजह यही रही कि इस समुदाय के ज्यादातर लोगों के पास न तो किसी तरह का सर्टिफिकेट है, न बैंक अकाउंट। ऐसे में किसी भी सरकारी योजना का लाभ उठाना इनके लिए खासा मुश्किल होता है। मौजूदा पहल के साथ भी यह शर्त रखी गई है कि इसका लाभ उन्हीं को मिलेगा जिनके पास मिनिस्ट्री ऑफ सोशल जस्टिस एंड एंपावरमेंट की ओर से जारी टीजी सर्टिफिकेट है। सरकारी पोर्टल के माध्यम से अब तक दिए गए टीजी सर्टिफिकेट की बात करें तो यह संख्या है 4,921 मात्र। साफ है कि योजना कागजी या नाम मात्र की बनकर न रह जाए, इसके लिए समुदाय के सभी लोगों तक पहुंचने या उन्हें इससे जोडने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास करने होंगे।

अब के सर्दी में गर्मी की धमक

सहीराम

यह दुआ तो नहीं है, लेकिन इच्छा जरूर है कि सर्दी निकल जाए और गर्मी आ जाए। क्योंकि पहाड़ों में अभी बर्फबारी हो रही है और मैदानों में लोग कांप रहे हैं। अब ऊपर वाला तो पता नहीं नीचे वालों की सुनेगा या नहीं, लेकिन इधर नेता लोग गर्मी निकालने की धमकी जरूर दे रहे हैं। भैया अगर बिजली ठीक–ठाक दे दोगे तो गर्मी भी निकल ही जाएगी। बेशक वह पंखे, कूलर या एसी से ही निकलेगी। लेकिन निकालने का श्रेय लोग तुम्हें ही देंगे, चिंता न करो। अब पता नहीं नेताओं को गर्मी निकालने की क्या सूझी है। अरे भाई गर्मी भी जरूरी है। गर्मजोशी अगर नहीं होगी तो तुम चुनाव भी कैसे जीतोगे। लोग अगर वोट डालने को लेकर ही ठंडे बने रहे तो बड़ी मुश्किल हो जाएगी यारो। इसलिए गर्मी भी जरूरी है। अब आप ही बताओ कि अगर संबंधों में गर्मी नहीं होगी तो दुनिया का क्या हाल होगा। पहले ही इतनी खुदगर्जी है। क्या इसे और बढ़ाना चाहते हो। प्यार–मोहब्बत बिना गर्मी के नहीं होते यार। ठंडेपन से दूरियां बढ़ती ही हैं। अब किसानों को गालियां देने वालों को यह तो नहीं समझाया जा सकता कि भैया गर्मी के बिना फसल पकती नहीं है। गर्मी निकाल दी तो दाने नहीं पड़ेंगे। भाई अगर आप इतने ही दबंग हैं तो अकड़ निकालो, हेकड़ी निकालो, खुदगर्जी निकालो, काइयांपन निकालो, क्षुद्रता निकालो। यार गर्मी क्यों निकाल रहे हो। और अगर गर्मी ही निकालनी है तो दिमाग की निकालो। दिल की क्यों निकालते हो। उसे दिल में रहने दो। दिमाग ठंडा और दिल गर्म रहना ही चाहिए। गर्मी ही निकालनी है तो जुबान की निकालो, जिससे निरंतर गालियां झरती हैं, धमकियां झरती हैं। हाथों की गर्मी मत निकालो जो जब मिलते हैं तो रिश्तों में गर्मी आ जाती है। यार इतनी गर्मी तो इंसान में होनी ही चाहिए न कि यारों से जफ्फियां–शफ्फियां पा सके। अपनों से गले मिल सके। और अगर गर्मी ही निकालनी है तो यार दंगइयों की निकालो, दादाओं और दबंगों की निकालो, हत्यारों और बलात्कारियों की निकालो। लोगों के दिल जलाने वालों की निकालो, बस्तियां जलाने वालों की निकालो। रिश्तों की गर्मी को बख्श दो यार। एक बात सुनो यार, कोरोना महामारी के बुखार की गर्मी तो आप निकाल नहीं पाए। वो जो कई–कई दिनों तक श्मशानों की आग नहीं बुझी थी, चिताओं की आग ठंडी नहीं हुयी थी, वह गर्मी तो आप निकाल नहीं पाए और अब आप धमकी दे रहे हो कि गर्मी निकाल देंगे। जब ऑक्सीजन की कमी से लोग जूझ रहे थे और शरीर ठंडे पड़ रहे थे, तो भाई उन्हें गर्मी की ही जरूरत थी, जो आप नहीं दे पाए थे। ऐसी गर्मी क्या निकालनी यार कि आदमी ठंडा होकर लाश बनकर गंगा में तैरता रहे या उसकी मृत देह ठंडी रेत में दफन हो जाए। आदमी ठंडा नहीं होना चाहिए। ठंडा होना मृत्यु होती है।

बहुमत के तर्क और लोकतांत्रिक मूल्य

संसद जनतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है। उसकी महत्ता और पवित्रता की रक्षा करना जनतंत्र के हर नागरिक का कर्तव्य है। सांसदों का दायित्व और ज्यादा होता है। संसद में होने वाली एक बहस के दौरान राजा गोपालाचारी के वक्तव्य का उत्तर देते हुए प्रधानमंत्री नेहरू ने कहा था, श्मेरे साथ बहुमत है। इस पर राजा जी ने कहा, श्पर तर्क मेरे साथ है। बहुमत का आदर होना चाहिए, पर बहुमत के नाम पर ...

विश्वनाथ सचदेव

हमारी जनतांत्रिक व्यवस्था में सरकार भले ही प्रधानमंत्री चलाते हों, पर कहलाती वह राष्ट्रपति की ही सरकार है। इसीलिए, जब राष्ट्रपति संसद के दोनों सदनों को संबोधित करते हुए अपना अभिभाषण देते हैं तो सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए वे यही कहते हैं कि श्मेरी सरकारश्च ने यह–यह कियाकृ फिर भले ही वे सरकार के किसी कृत्य से सहमत हों या न हों। राष्ट्रपति के इस बार के अभिभाषण में भी यही गिनाया गया कि सरकार ने क्या–क्या किया है, और यह भाषण पढ़ भले ही राष्ट्रपति रहे हों, पर उसके हर शब्द पर सरकार की स्वीकृति होती है।

फिर संसद में दोनों सदनों में इस पर बहस होती है, जिसे राष्ट्रपति के अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव के रूप में रखा जाता है। यह प्रस्ताव तो पारित होना ही होता है, पर विपक्ष को अवसर अवश्य मिल जाता है सरकार के कार्यों की आलोचना करने का। अवसर सरकारी पक्ष को भी मिलता है अपनी बात रखने का, विपक्ष की आलोचना का जवाब देने का। स्पष्ट है, एक गम्भीर बहस का अवसर होता है यह, पर अक्सर देखा गया है कि संसद में इस अवसर का समुचित उपयोग नहीं होता। निस्संदेह कुछ भाषण बहुत अच्छे होते हैं, पर ज्यादातर भाषण आरोपों–प्रत्यारोपों की बलि चढ़ जाते हैं। बहरहाल, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद–प्रस्ताव पर हुई बहस में भी कुछ बातें सचमुच रेखांकित किये जाने लायक हैं। इनमें से एक कांग्रेस के नेता राहुल गांधी का वक्तव्य भी है। राहुल बहुत अच्छे वक्ता नहीं माने जाते, पर श्दो भारतश्च वाला उनका यह भाषण निश्चित रूप से ध्यान आकर्षित करने वाला था। यह तथ्य अपने आप में भयावह है कि स्वतंत्रता के इस कथित श्अमृत–कालश्च में देश की अधिसंख्य आबादी गरीबी का जीवन जी रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, देश के लगभग साढ़े आठ करोड़ नागरिक घोर गरीबी में जीते हैं। 15 करोड़ और भारतीय गरीबी रेखा से नीचे की स्थिति में पहुंच जाएंगे। इसके बरक्स देश में अरबपतियों की संख्या में वृद्धि आर्थिक विषमता की बढ़ती खाई की भयावहता ही उजागर करती है। देश में शीर्ष के दस प्रतिशत लोगों के पास आज जितनी सम्पत्ति है उतनी देश की आधी आबादी की कुल सम्पत्ति भी नहीं है। यही हैं वे दो भारत, जिनके बीच की खाई को पाटना जरूरी है और यह काम नहीं हो रहा। इसका गम्भीरतापूर्वक अध्ययन होना चाहिए। बहुत पुरानी बीमारी है यह आर्थिक विषमता। वर्ष 1963 में, यानी आज से आधी सदी पहले भी हमारी संसद में इस विषय को लेकर बहस हुई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सुरक्षा–व्यवस्था पर 25 हजार रुपये प्रतिदिन खर्च होने का सवाल उठाते हुए समाजवादी नेता डॉ. राममनोहर लोहिया ने श्पंद्रह आना बनाम तीन आनाश्च की आय का सवाल उठाया था। सरकार की ओर से कहा गया था कि देश की प्रति व्यक्ति प्रतिदिन आय पंद्रह आना है, तब डॉ. लोहिया ने सरकारी आंकड़े देते हुए बताया था कि देश का नागरिक तीन आना प्रतिदिन पर गुजर–बसर करने के लिए बाध्य है। पर तब की सरकार के मुखिया ने इसे मजाक में उड़ाने की कोशिश नहीं की थी। दुर्भाग्य से आज हमारी संसद में शोर–शराबे में समय अधिक व्यय होता है। कभी–कभार ही कोई गम्भीर बहस होती दिखाई देती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर विपक्ष की आलोचना का उत्तर देते हुए कई बार जवाहरलाल नेहरू को उद्धृत किया है। देश के पहले प्रधानमंत्री ने संसदीय जनतंत्र की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए, श्काम के प्रति निष्ठा, सहयोग–सहकार की आवश्यकता, स्वानुशासन और संयम बरतने की महत्ताश्च की बात कही थी। नेहरू से राजनीतिक विरोध हो सकता है पर उनके इस कथन की उपयोगिता और उपयुक्तता के बारे में संदेह नहीं किया जाना चाहिए।

सरकार के पास बहुमत है, अतरू धन्यवाद प्रस्ताव तो पारित होना ही होता है। पर निस्संदेह यह एक ऐसा अवसर होता है जब हमारे सांसद, सत्तारूढ़ पक्ष और विपक्ष दोनों, दलगत राजनीति से ऊपर उठकर गम्भीर चिंतन–मनन कर सकते हैं। पर, दुर्भाग्य से, अक्सर ऐसा होता नहीं। अक्सर अनावश्यक आरोप–प्रत्यारोप बहस पर हावी हो जाते हैं। इस मौके पर जिस गम्भीरता की आवश्यकता होती है, अक्सर उसका अभाव दिखता–खलता है। उस दिन लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस के दौरान एक स्थिति तो ऐसी भी आयी जब कोरम का खतरा उत्पन्न हो गया था। यह चिंता की बात है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई बहस को विपक्ष और सत्तारूढ़ पक्ष दोनों को गम्भीरता से लेना होगा। सत्तारूढ़ पक्ष को यह तो दिख गया कि श्दो भारतश्च की बात उठाने वाला प्रधानमंत्री के उत्तर को सुनने के लिए उपस्थित नहीं था।

संसद जनतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है। उसकी महत्ता और पवित्रता की रक्षा करना जनतंत्र के हर नागरिक का कर्तव्य है। सांसदों का दायित्व और ज्यादा होता है। संसद में होने वाली एक बहस के दौरान राजा गोपालाचारी के वक्तव्य का उत्तर देते हुए प्रधानमंत्री नेहरू ने कहा था, श्मेरे साथ बहुमत हैश्च। इस पर राजा जी ने कहा, श्पर तर्क मेरे साथ हैश्च। बहुमत का आदर होना चाहिए, पर बहुमत के नाम पर तार्किकता को अनावश्यक मानना भी तो गलत है। मात्र बहुमत कुछ भी कहने–करने का अधिकार नहीं देता। इसलिए, सरकारी पक्ष को विपक्ष के प्रति सम्मान का भाव रखना चाहिए और विपक्ष को भी मर्यादा में रहना चाहिए।

इस बार आसान नहीं चुनावी डगर

अभी तक दबाव की राजनीति में सफल रहे सिद्धू ने इस बार मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने के लिए कांग्रेस आलाकमान पर जो दबाव बनाया, वह उन पर ही भारी पड़ गया। चन्नी के मुख्यमंत्रित्व में चुनाव लड़ते हुए किसी अन्य को चेहरा घोषित करना आत्मघाती होगा यह समझने में कांग्रेस आलाकमान को भी मुश्किल नहीं हुई। चेहरा घोषित किये बिना चुनाव में कांग्रेस को बहुमत ...

राजकुमार सिंह

अभूतपूर्व कोरोना प्रतिबंधों के साये में हो रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव लंबे समय तक याद रहेंगे। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में चुनाव किसी लोक पर्व से कम नहीं रहे। धर्म–क्षेत्र विशेष के दायरे से परे चुनाव हर भारतीय की भागीदारी का उत्सव रहे हैं। इसलिए जन साधारण का उत्साह देखते ही बनता रहा है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव से पहले ग्रामीण क्षेत्रों में तो चुनाव प्रचार किसी दीर्घकालीन मेले जैसा ही नजर आता था, पर इस बार सब कुछ बदला–बदला सा है। सभाओं में उपस्थिति की संख्या सीमित है तो घर–घर जन संपर्क का सिलसिला अरसे बाद लौटा है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के समय तेज रफ्तार से बढ़ते कोरोना केस, अब आंकड़ों में तो कम होते नजर आ रहे हैं। इसे साहस कहिए या दुस्साहस–– तेजी से खुलते जहान के बीच लोगों में कोरोना से जान का डर भी कम होता नजर आ रहा है। सात चरणों में मतदान वाले उत्तर प्रदेश में पहले चरण में मतदान का अच्छा प्रतिशत भी यही बताता है। तमाम तरह के प्रतिबंधों के बीच चुनाव प्रचार राजनीतिक दलों–प्रत्याशियों के लिए किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं रहा। यह अलग बात है कि राजनीतिक आरोप–प्रत्यारोप और अमर्यादित भाषा का चिर–परिचित खेल इस बीच भी बदस्तूर जारी है। शायद इसलिए भी कि ऐसा करने से असल मुद्दों से ध्यान हटाने में मदद मिलती है। बेशक छोटे राज्यों उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा के लिए भी विधानसभा चुनाव समान रूप से महत्वपूर्ण हैं, लेकिन राज्यों की राजनीति अंततरू देश की राजनीति भी तय करती है। इसीलिए उत्तर प्रदेश और पंजाब सरीखे बड़े राज्यों के विधानसभा चुनाव की चर्चा कुछ ज्यादा है। उत्तर प्रदेश लोकसभा सदस्य संख्या की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य है। इसीलिए माना जाता है कि देश की सत्ता का रास्ता उत्तर प्रदेश से निकलता है। उत्तर प्रदेश ने ही देश को सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री दिये हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को केंद्र में लगातार दूसरी बार सत्तारूढ़ करने में भी उत्तर प्रदेश की निर्णायक भूमिका रही है। इसलिए स्वाभाविक ही उत्तर प्रदेश में चुनाव से प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष जुड़ी हर गतिविधि पर देश ही नहीं, दुनिया की भी नजरें लगी हैं। पिछली बार 300 से भी ज्यादा सीटें जीत कर उत्तर प्रदेश में बनी योगी आदित्यनाथ सरकार को इस बार कड़ी चुनावी चुनौती मिल रही हैकृयह बात भाजपा नेता भी निजी बातचीत में स्वीकारते हैं। पिछली बार दो लड़कों (अखिलेश यादव–राहुल गांधी) की जोड़ी भाजपा का विजय रथ रोकने में नाकाम रही थी। इस बार अखिलेश यादव–जयंत चौधरी के रूप में दो लड़कों की नयी जोड़ी भाजपा से मुकाबिल है। बेशक इस सपा–रालोद गठबंधन में अन्य छोटे दल भी शामिल हैं, लेकिन भाजपाई रणनीतिकारों के पसीने ये दो लड़के ही छुड़ा रहे हैं। वजह भी साफ है रू 10 फरवरी को पहले चरण में जिन 58 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ है, उनमें से भाजपा ने पिछली बार 53 सीटें जीती थीं। कारण था रू 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों के बाद परंपरागत जाट–मुस्लिम समीकरण का टूट जाना। दंगों के बाद हुए ध्रुवीकरण से नलकूप सूख गया और साइकिल पंचर हो गयी––सिर्फ कमल खिला, और खूब खिला। पहले चरण का मतदान हो चुका है। मतगणना तो 10 मार्च को होगी, लेकिन उससे पहले भी यह बात दावे से कही जा सकती है कि 2017 के चुनाव परिणामों की पुनरावृत्ति इन सीटों पर हरगिज नहीं होने जा रही। यह उत्तर प्रदेश की चुनावी चिंता का ही परिणाम था कि मजबूत प्रधानमंत्री की छवि वाले नरेंद्र मोदी देश से क्षमा याचना सहित तीनों विवादास्पद कृषि कानून वापस लेने को बाध्य हुए, क्योंकि दिल्ली की दहलीज पर साल भर चले किसान आंदोलन में पंजाब और हरियाणा के बाद सबसे बड़ी और मुखर भागीदारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ही थी। साल भर बाद तीन कृषि कानूनों की वापसी से भी भाजपा को वांछित राजनीतिक लाभ नहीं मिलाकृइसका संकेत चुनाव प्रचार के बीच भी जयंत चौधरी पर डोरे डालने तथा मतदाताओं को बार–बार दंगों की याद दिलाने से मिल जाता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ही 55 विधानसभा सीटों पर 14 फरवरी को मतदान होना है। कुल मिला कर पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ये 103 सीटें शेष पांच चरणों के मतदान की दिशा भी तय कर सकती हैं। अगर किसान आंदोलन से जाट–मुस्लिम विभाजन की खाई पटी है और सवालिया निशानों वाले अतीत के बावजूद अखिलेश, जयंत के साथ मिलकर दो लड़कों की छवि से निकल कर विश्वसनीय विकल्प का विश्वास मतदाताओं में जगाने में सफल रहे हैं तो तय मानिए कि उत्तर प्रदेश की सत्ता का सूर्य इस बार पश्चिम से ही उदय होगा। बेशक अंतिम परिणाम 10 मार्च को ही पता चलेंगे, लेकिन अगर इन 103 सीटों पर भाजपा आधी ही रह गयी तो उसके लिए 403 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के लिए जरूरी 202 का आंकड़ा छू पाना आसान तो हरगिज नहीं होगा। हां, अंतिम तस्वीर उभरने में अहम भूमिका उस बसपा की रह सकती है, जिसे फिलहाल प्रेक्षक ज्यादा महत्व नहीं दे रहे। दलित वर्ग में जाटव मतदाता अभी भी मायावती के साथ एकजुट हैं। अगर बसपा परंपरागत रूप से मुस्लिम मतों में हिस्सा बंटाने में सफल रही तो उसका सीधा लाभ भाजपा को ही मिलेगा, जो जातिगत राजनीति की चुनौतियों को हिंदुत्व के नारे से नाकाम करने की जांची–परखी रणनीति पर चल रही है। संक्षिप्त में कहें तो अगर अखिलेश अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ मिल कर भाजपा के कमंडल से मंडल के बड़े हिस्से को निकाल पाने में सफल रहे तो लखनऊ ही नहीं, दिल्ली की राह भी भाजपा के लिए मुश्किल हो सकती है। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले तक पंजाब की राजनीति मुख्यतरू दो दलीय नहीं तो दो ध्रुवीय ही रही है। 2014 में चार लोकसभा सीटें जीत कर आम आदमी पार्टी पंजाब की तीसरी बड़ी राजनीतिक धारा बनी तो 2017 के विधानसभा चुनाव में सत्ता की दावेदार भी बन गयी, पर अंतिम क्षणों में बाजी पलटी और कांग्रेस सत्ता पर काबिज हो गयी। पिछले पांच सालों में पंजाब की राजनीति ने कई रंग बदले हैं। जिन कैप्टन अमरेंद्र सिंह को चेहरा बना कर पिछली बार कांग्रेस ने सत्ता हासिल की थी, उन्हें ही बेआबरू कर सत्ता से बेदखल कर दिया गया। कैप्टन अमरेंद्र की विदाई में निर्णायक भूमिका भाजपाई से कांग्रेसी बने जिन नवजोत सिंह सिद्धू ने निभायी थी, उनके हिस्से सिर्फ प्रदेश अध्यक्ष पद ही आया और मुख्यमंत्री पद के लिए चरणजीत सिंह चन्नी की लॉटरी खुल गयी। सुनील जाखड़ या सुखजिंदर सिंह रंधावा को मुख्यमंत्री बनने से रोकने के लिए सिद्धू भी चन्नी के नाम पर मान गये। शायद उन्हें उम्मीद रही कि नये चुनाव के बाद तो वह ही मुख्यमंत्री पद के स्वाभाविक दावेदार होंगे, लेकिन सर्वाधिक प्रतिशत दलित मतदाताओं वाले पंजाब में कांग्रेस ने चन्नी को चुनावी ट्रंप कार्ड के रूप में इस्तेमाल करना चाहा तो सिद्धू के होश उड़ गये।

तिलक कार्यक्रम में हर्ष फायरिग, दो गिरफ्तार

रुद्रपुर। कोतवाली क्षेत्र के बटुलही में रात तिलक कार्यक्रम में अवैध रिवाल्वर से हर्ष फायरिग की गई। जिसके चलते मौके पर अफरा–तफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया। एक का शांतिभंग में चालान तो दूसरे को आर्म्स एक्ट में जेल भेज दिया गया। गांव के भरत चौहान के बेटे का तिलक कार्यक्रम था। कार्यक्रम में लोगों की भीड़ थी। तिलक चढ़ने के दौरान भरत के रिश्तेदार हर्ष फायरिग करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सुदामा चौराहा के रहने वाले अरुण चौहान व चंद्रसेन चौहान को गिरफ्तार कर लिया। चंद्रसेन चौहान की तलाशी के दौरान अवैध रिवाल्वर बरामद किया गया। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जेल भेज दिया, जबकि अरुण का शांतिभंग में चालान किया है। कोतवाली प्रभारी राधेश्याम चौधरी ने बताया कि दोनों युवक हर्ष फायरिग कर रहे थे।

प्रतिबंधित मंझा से कटा बैंक मैनेजर का गला, हालत गंभीर

पड़ाव (चंदौली)। मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के बहादुरपुर खलिहान के पास जीटी रोड पर चाइनीज मंझे से बाइक सवार बैंक मैनेजर का गला कट गया। वह घरवालों से मिलने पैतृक आवास कुंडा खुर्द जा रहे थे। लहुलूहान हालत में उन्होंने फोन कर छोटे भाई को घटना की जानकारी दी। परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे और उन्हें एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। उनकी स्थिति नाजुक बताई गई। घटना से लोगों में आक्रोश है। जनपद के कुंडा खुर्द निवासी विकास सिंह (40) यूपी बड़ौदा बैंक देवरिया में शाखा प्रबंधक हैं। छुट्टी पर वाराणसी आशापुर स्थित अपने फ्लैट पर आए हुए थे। वहीं चंदौली के कुंडा खुर्द स्थित पैतृक आवास होने की वजह से वह स्वजन से मिलने बाइक से जा रहे थे। बहादुरपुर बंधा रोड पर पहुंचे एक कटी हुई पतंग का मंझा उनकी गर्दन में फंस गया जिससे गला कटने से वह लहूलुहान होकर गिर गए। घायलावस्था में अपने छोटे भाई पवन सिंह को फोन किया। छोटा भाई कुछ लोगों लेकर मौके पर पहुंचकर घायल उन्हें अस्पताल ले गया।

मां-बेटी को ट्रक ने कुचला, दो अन्य घायल

गोपालगंज । बिहार में गोपालगंज के कुचायकोट थाना क्षेत्र के माधोमठ गांव के समीप एनएच–27 पर एक ट्रक ने बाइक सवार चार लोगों को कुचल दिया। दुर्घटना में कुशीनगर निवासी मां–बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य दो घायल हो गए। सभी पूजा करने थावे मंदिर जा रहे थे। गोपालपुर थाना क्षेत्र के अहिरौली दुबौली गांव निवासी रोहित राय अपनी बहन, भांजी व मामी के साथ बाइक से थावे दुर्गा मंदिर में पूजा–अर्चना के लिए जा रहे थे। माधोमठ गांव के समीप एक पिकअप ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे चारों सड़क पर गिर पड़े। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने सड़क पर गिरे लोगों को कुचल दिया। घटना में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के बरवापट्टी थाना क्षेत्र के रामपुर पट्टी गांव निवासी नीतीश राय की पत्नी सुषमा देवी व उनकी चार वर्षीया पुत्री वांशिका राय की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं, दुर्घटना में जख्मी अहिरौली दुगौली गांव निवासी रोहित राय व भोरे थाना क्षेत्र के भोरे गांव निवासी शशि रंजन सिंह की पत्नी नीतू देवी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल नीतू देवी की हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर रेफर कर दिया। घटना के बाद पुलिस ट्रक व पिकअप लेकर फरार हुए चालकों की तलाश कर रही है।

नेपाल सीमा से सटे पगडंडी रास्तों पर भी रखें नजर : व्यय प्रेक्षक

महराजगंज। विधानसभा चुनाव को लेकर आयोग व जिला प्रशासन अलर्ट है। व्यय प्रेक्षक ओम प्रकाश ने एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम के साथ भारत–नेपाल सीमा से सटे गांवों और पगडंडी रास्तों का निरीक्षण किया। कहा कि इन मार्गों पर विशेष नजर रखी जाए। शाम चार बजे व्यय प्रेक्षक ओम प्रकाश ने एसएसबी व पुलिस टीम के साथ सीमा से सटे जोगियाबारी, बटईडिहा, सोनपिपरी आदि गांव की पगड़ी रास्तों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सीमा के साथ ही पगडंडी मार्गों पर नजर रखी जाए। ताकि नेपाल से आने वाले नकद रुपये व अवैध सामानों पर रोक लगाई जा सके और आयोग की गाइड लाइन के अनुसार निष्पक्ष ढंग से चुनाव संपन्न कराया जा सके। इस अवसर पर नोडल अधिकारी शालीग्राम, मानवेंद्र सिंह, एसडीएम दिनेश मिश्रा, सीओ सुनील दत्त दूबे, तहसीलदार वाचस्पति सिंह, थानाध्यक्ष अजीत सिंह, एसएसबी प्रभारी निरीक्षक राजीव त्रिपाठी, पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम मौजूद रही।

बाइक की ठोकर से वृद्ध घायल

, भाटपाररानी। थानाक्षेत्र के मझौली–मैरवा मार्ग पर बहियारी बघेल रघुराज सिंह इण्टर कालेज के समीप बाइक सवार ने बहियारी बघेल निवासी 60 वर्षीय नवल किशोर सिंह को ठोकर मार दी। वह पैदल जा रहे थे। स्वजन इलाज के लिए उन्हें पीएचसी पर लेकर गए, जहां चिकित्सक ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

आप प्रत्याशी पर भी केस दर्ज

पथरदेवा। पथरदेवा विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी जमशेद उर्फ जियाउल हक के विरुद्ध भी चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज हुआ है। फ्लाइंग स्क्वायड के प्रभारी गोपाल मिश्र की तहरीर पर तरकुलवा पुलिस ने कार्रवाई की है। उन्होंने तहरीर में कहा है कि सुबह करीब 10 बजे आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी जमशेद उर्फ जियाउल हक बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के तीन वाहनों से प्रचार सामग्री व लाउडस्पीकर का प्रयोग करते हुए पथरदेवा बाजार में प्रचार करते पाए गए। वाहनों में 16 व्यक्ति सवार थे।

चुनाव के दौरान डायल 112 की होगी अहम भूमिका

महराजगंज।नौतनवा थाना सभागार में एसडीएम राम सजीवन मौर्य व सीओ कोमल प्रसाद मिश्र ने संयुक्त रूप से डायल 112 में तैनात पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर चुनाव के दौरान मुस्तैद रहने और वारदात में रिस्पांस टाइम बेहतर बनाने के टिप्स दिए गए। एसडीएम ने कहा कि विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से कराने में डायल 112 सेवा की सबसे अहम जिम्मेदारी होगी। सूचना मिलने पर तत्काल स्पाट पर पहुंचकर पीड़ितों की मदद करना उनकी प्राथमिकता होगी। अफसरों ने ड्यूटी के दौरान आने वाली दिक्कतों के बारे में भी जानकारी ली और उनको सुझाव भी दिए। साथ ही दिक्कतों को लेकर तत्काल निराकरण करने कदम उठाने के निर्देश भी दिए गए। प्रभारी थानाध्यक्ष राम आसरे यादव, सोनौली कोतवाल संजय कुमार सिंह, परसामलिक थानाध्यक्ष गोरखनाथ सरोज आदि उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट में बैठक आज

महराजगंज। विधानसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान के लिए किन्नरों की भागीदारी और जागरूकता अभियान के लिए 15 फरवरी को सुबह 10 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक होगी। यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पांडेय ने दी। ईवीएम का रेंडमाइजेशन 17 कोः महराजगंज। विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिग मशीन (ईवीएम) का विधानसभा क्षेत्रवार रेंडमाइजेशन एनआइसी में सुबह 10 बजे से किया जाएगा। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा ने दी।

मतदान के लिए किया गया जागरूक

भाटपाररानी। नगर के विला फ्रैंचाइजी इंस्टीट्यूट में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद देवनगर के भाटपाररानी विधानसभा क्षेत्र में चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए मेरा वोट मेरी आवाज अभियान का पोस्टर लांच किया गया।

तहसील प्रमुख अमित मिश्रा ने कहा कि शत प्रतिशत मतदान से ही लोकतंत्र मजबूत होता है। मतदान जरूर करें। जिला संयोजक विपुल पाण्डेय ने कहा कि विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान हो, इसके लिए विधानसभा स्तर पर विधानसभा संयोजक, सह संयोजक, ब्लाक स्तर पर ब्लाक संयोजक, ब्लाक सह संयोजक नामित किया गया है। सभी ब्लाकों में पांच टोलियां बनाई गई हैं।

विद्यार्थी परिषद के कुल 186 कार्यकर्ताओं से मतदान के लिए आग्रह करेंगे। नगर मंत्री विधानसभा संयोजक सूरज गुप्ता ने बताया कि विधानसभा चुनाव में मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए गांव–गांव और विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जाकर लोगों से संवाद करने के साथ पत्रक वितरण किया जाएगा। इस कड़ी में नुक्कड़ नाटक, रंगोली कार्यक्रम, छात्र संसद,महिला संवाद का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। यहां मुख्य रूप से अभाविप देवनगर जिला व्यवस्था प्रमुख अभिलाष मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष विनीत वर्मा, जिला संयोजक उत्कर्ष मिश्रा, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य राकेश यादव, अभिषेक सिंह, सच्चिदानंद पांडेय, अनुराग पांडेय, पवन सोनी,अंकित पांडेय, सूरज, ऋचा पांडेय, ज्योति मौर्या, सोनम सिंह, विनती आर्या, गुंजन सिंह, रानी पटेल, जागृति सिह आदि मौजूद रहे।

महराजगंज आएंगे प्रधानमंत्री, तैयारी में जुटे भाजपाई

महराजगंज। विधानसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनसभा को संबोधित करने के लिए शीघ्र ही महराजगंज आएंगे। जिले की पांचों विधानसभा सीटों के लिए पीएम की संयुक्त रैली होगी। रैली स्थल के चयन को लेकर भाजपा प्रदेश नेतृत्व द्वारा जिलाध्यक्ष परदेसी रविदास को दिशा–निर्देश दिया गया है। इसके बाद रैली स्थल को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। जिला स्टेडियम परिसर या जिला जेल के सामने मैदान में रैली कराए जाने की संभावना है। रैली स्थल को लेकर जिलाध्यक्ष परदेसी रविदास ने केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी से भी मुलाकात की है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक जनसभा महराजगंज में संभावित है। जिले की पांचों विधानसभाओं की संयुक्त रैली कराए जाने की रूपरेखा तैयार की जा रही है। प्रदेश नेतृत्व की तरफ से रैली स्थल को चिह्नित कर बताए जाने का निर्देश हुआ है। शीघ्र ही कार्यक्रम स्थल का चयन कर इसकी सूचना दे दी जाएगी। उन्होंने कहा कि रैली किस दिन होगी इसकी तिथि शीघ्र ही कार्यालय से मिलने की संभावना है। रैली को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को पुरजोर तरीके से जुड़ने के निर्देश दिए गए हैं।

कोरोना संक्रमण से एक की मृत्यु, 16 नए केस

देवरिया।जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार कम हुई है लेकिन खतरा बरकरार है। बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर में उपचार के दौरान कोरोना संक्रमित 82 वर्षीय ध्रुवदेव शुक्ल की मृत्यु हो गई। वह शहर के सिधी मिल कालोनी के रहने वाले थे। कोरोना संक्रमित होने के बाद उन्हें इलाज के लिए गंभीरावस्था में मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। इसके साथ ही कोरोना से मृतकों की संख्या अब 228 हो गई है। उनकी मृत्यु के बाद कालोनी में उनके संपर्क में आने वाले लोगों की जांच की जा रही है। विभागीय कर्मचारी निरोधात्मक कार्य में जुटे हैं। कोरोना जांच रिपोर्ट में 16 पाजिटिव व 2887 निगेटिव हैं। पाजिटिव आए लोगों के संपर्क में आने वाले लोगों की जांच में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी जुटे हैं। सक्रिय केस की संख्या 116 हो गई है। कोरोना को लेकर सावधानी बरतने व बचाव पर विभाग जोर दे रहा है। सीएमओ डा. आलोक पांडेय ने बताया कि कोरोना से एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है। 16 पाजिटिव आए हैं। लोगों को कोरोना के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कोरोना से बचाव आवश्यक है।

26 टीकाकरण केंद्रों पर 856 को लगाया गया कोरोनारोधी टीका

देवरिया। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए शहर से लेकर गांव तक कोरोनारोधी टीका लगाया जा रहा है। इसके बाद भी विभाग कोरोनारोधी टीकाकरण का लक्ष्य पूरा नहीं किया जा सका है। 26 टीकाकरण केंद्रों पर 856 लोगों को कोरोनारोधी टीका लगाया गया। अभी भी बड़ी संख्या में लोग बचे हैं, जिन्हें कोरोनारोधी टीका नहीं लग सका है। इस दौरान 18 लोगों को बूस्टर डोज लगाई गई। 374 किशोरों को प्रथम डोज व 105 को द्वितीय डोज लगाई गई। कोरोनारोधी टीका लगवाने के लिए आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके बाद भी लोग लापरवाह बने हुए हैं। शहर व ग्रामीण क्षेत्र में बने टीकाकरण केंद्रों पर पहुंच सीएमओ डा. आलोक पांडेय, एसीएमओ डा. बीपी सिंह, एसीएमओ डा. राजेन्द्र प्रसाद, एसीएमओ डा. संजय चंद ने जांच किया और आवश्यक निर्देश दिए। सीएमओ ने बताया कि जो भी लोग कोरोनारोधी टीकाकरण से वंचित हैं, ऐसे लोगों को चिह्नित कर उन्हें खोजकर टीका लगवाया जा रहा है। लोगों को टीकाकरण के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है।

36 मिले कोरोना संक्रमित, 44 रोगी हुए स्वस्थ

महराजगंज। कोरोना को लेकर लोग बेफिक्र हो गए हैं और बिना मास्क सार्वजनिक स्थानों पर घूम रहे हैं। यही लापरवाही लोगों पर भारी पड़ रही है। प्रत्येक दिन जिले में कोरोना संक्रमित पाए जा रहे हैं। 36 कोरोना संक्रमित मिले हैं, जबकि 44 रोगी स्वस्थ हो गए हैं। रोगियों के स्वस्थ होने से स्वजन ने भी राहत महसूस की है। नोडल अधिकारी डा. आइए अंसारी ने बताया कि जिले में कुल संक्रमितों की संख्या 14633 है। इसमें 14293 संक्रमित स्वस्थ हो चुके हैं। अब सक्रिय रोगियों की संख्या 205 है। संक्रमितों में एक रोगी केएमसी हास्पिटल में भर्ती है। जबकि अन्य होम क्वारंटाइन हैं। स्वास्थ्य टीम उनकी निगरानी कर रहीं है। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमितों को रैपिड रिस्पांस टीम द्वारा दवा की किट उपलब्ध कराई जा रही है। संक्रमित व्यक्ति समय से दवा का सेवन करें और बचाव के लिए सावधानी बरतें।

सपा व सुभासपा प्रत्याशी समेत छह सौ के विरुद्ध मुकदमा

आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का दर्ज कराया गया मुकदमा

देवरिया। बरहज से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी मुरली मनोहर जायसवाल समेत तीन सौ लोगों के विरुद्ध पुलिस ने . आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन व महामारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। बिना अनुमति के जुलूस निकालने पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। इसी प्रकार सलेमपुर से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के प्रत्याशीमनबोध प्रसाद समेत 300 लोगों पर भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। वह भी बिना अनुमति के लार कस्बा में जुलूस निकाल रहे थे। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। सपा प्रत्याशी मुरली मनोहर जायसवाल बिना अनुमति के कपरवार तिराहे से जुलूस निकाल रहे थे। उड़नदस्ता के प्रभारी राजेंद्र नाथ ने अनुमति पत्र दिखाने को कहा, लेकिन वह अनुमति के संबंध में कोई आदेश नहीं दिखा सके। इस मामले में पुलिस ने सपा प्रत्याशी के अलावा पूर्व जिलाध्यक्ष गेंदा लाल, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष बरहज वीरेंद्र गुप्ता, गौरव प्रताप सिंह समेत तीन सौ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक टीजे सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है। लार में मनबोध प्रसाद समर्थकों के साथ जुलूस निकाल रहे थे। उड़नदस्ता प्रभारी बीरबल राम की तहरीर पर पुलिस ने पूर्व विधायक समेत 300 लोगों के विरुद्ध महामारी अधिनियम व आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक बरजोर सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है। –– मोबाइल पर स्टेटस लगाने को लेकर नोकझोंक लाररू थाना क्षेत्र के एकसरहा गांव के रहने वाले जयकुमार एक राजनीतिक दल का स्टेटस मोबाइल पर लगाए थे। स्टेटस दूसरे दल के समर्थित लोगों ने देख लिया और उन्हें नागवार लग गया। युवक के घर पहुंच कर नोकझोंक किया। इसका किसी ने वीडियो बना कर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। इस मामले में हिदू युवा वाहिनी के जिला मंत्री अरुण सिंह ने प्रभारी निरीक्षक लार से शिकायत की है।

बी.आर.सी.गोला पर आगनवाड़ी कार्यकत्रियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। दिव्यांग बच्चों को पूर्व प्राथमिक कक्षाओं में ही चिह्नित करके उनके दिव्यांगता को नियंत्रित अथवा दूर किया जा सकता है। उक्त बातें राम नयन शुक्ल ए.आर .पी. ने ब्लॉक संसाधन केंद्र गोला के सभागार में प्रशिक्षण के दौरान कही। वह सोमवार को दिव्यांग बच्चों की पहचान हेतु आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों के एक दिवसीय प्रशिक्षण में बतौर प्रशिक्षक संबोधित कर रहे थे। प्रशिक्षण की शुरुआत मां सरस्वती की चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया सरस्वती वंदना अनीता एवं मनोरमा सिंह ने प्रस्तुत किया स्पेशल एजुकेटर देवी प्रसाद ने दिव्यांगता के प्रकार पर प्रकाश डाला जबकि विपिन कुमार मिश्रा ने दिव्यांगता के पहचान हेतु प्रपत्र को भरने का तरीका बताया। राम नयन शुक्ल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत दिव्यांग बच्चों से संबंधित जानकारी एवं दिव्यांग बच्चों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को विस्तार से बताया ।अंत में सुपरवाइजर चंद्रकला ने सभी कार्यकर्तियों को दिव्यांग बच्चों के पहचान हेतु पूरे मनोयोग से लग जाने का आवाहन किया ताकि समय से ऐसे बच्चों की पूरी मदद की जा सके इस प्रशिक्षण में मनोरमा सिंह, अनीता सिंह ,विजय लक्ष्मी राय ,संजू ,ममता, रीता ,गीता ,सरोज, रीना, रेनू सहित 122 आंगनवाड़ी कार्यकर्ती उपस्थित रहीं।

12 मार्च को लगेगा राष्ट्रीय लोक अदालत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ, के निर्देशानुसार सुशील कुमार शशि, पीठासीन अधिकारीए मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, सिद्धार्थनगर की अध्यक्षता में दिनांक 12.03.2022 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना से संबंधित क्लेम पेटिशन मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित किए जाने हेतु प्री.ट्रायल बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में श्री चन्द्रमणि, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरणए सिद्धार्थनगर उपस्थित रहे।

माननीय श्री सुशील कुमार शशि, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, सिद्धार्थनगर द्वारा दिनांक 12.03.2022 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मोटर दुर्घटना से संबंधित क्लेम पेटिशनों को निस्तारित किये जाने पर बल दिया गया तथा बीमा कम्पनी एवं मोटर दुर्घटना से संबंधित क्लेम पेटिशन मामलों से सम्बन्धित अधिवक्तागणों से अधिक से अधिक पत्रावलियों को निस्तारित कराए जाने का प्रयास करने हेतु विचार विमर्श किया गया। उक्त बैठक में विद्वान अधिवक्तागण के साथ. साथ कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरणए सिद्धार्थनगर के कर्मचारीगण एवं कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरणए सिद्धार्थनगर के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।यह जानकारी श्री चन्द्रमणि, पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर द्वारा दी गयी।

197 लोगों को लगा टीका, 1247 की हुई जांच

महराजगंज। जिले में होने के कारण कोरोनारोधी टीका और जांच का कार्य फीका रहा। कम संख्या में ही लोग केंद्रों पर पहुंचे। इस दौरान सिर्फ 197 लोगों को टीका लगाया गया और 1247 लोगों की जांच की गई। जिला महिला अस्पताल, चेहरी पर टीकाकरण और जांच का कार्य किया गया, जबकि घुघली, मिठौरा, नौतनवा और निचलौल में केवल जांच हुई। अन्य केंद्रों पर सन्नाटा रहा। अवकाश होने के कारण इन केंद्रों पर लोगों की भीड़ कम रही है। जिससे स्वास्थ्य कर्मी सहित आए लोगों को भी राहत मिली। नोडल अधिकारी डा. आइए अंसारी ने बताया कि एंटीजन से 927 लोगों की जांच की गई है। आरटीपीसीआर जांच के लिए 320 नमूने भेजे गए हैं। घुघली में 25, मिठौरा 45, नौतनवा 962 व निचलौल 215 लोगों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि जो भी लोग दूसरा डोज नहीं लगवाएं हैं, वह समय से दूसरे डोज का टीका लगवा लें। यह स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।

छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान

महराजगंज। मतदाता जागरूकता अभियान मतदान करे महाराज के अंतर्गत जिले की तीन नगर पालिका और आठ नगर पंचायत क्षेत्रों में रैली निकाली गई। इस दौरान मतदान के प्रति जागरूकता स्लोगन, श्छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदानश, श्बड़े, बूढ़े हो या जवान, सभी मिल करें मतदानश के नारे से गांव से शहर तक की सड़कें गूंजती रहीं। नगर पालिका महराजगंज क्षेत्र में केएमसी हास्पिटल से डीएम सत्येन्द्र कुमार रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो गौनरिया तक लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए पहुंची। इस अवसर पर डीएम, एडीएम, अधिशासी अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी आदि ने सिग्नेचर बोर्ड पर हस्ताक्षर किया। सभी अधिकारियों ने गुब्बारे उड़ाकर अधिक से अधिक मतदान का संदेश दिया। डीएम ने कहा कि महराजगंज जनपद में मतदाता जागरूकता के संबंध में लगातार कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में महराजगंज नगर पालिका के द्वारा झंडा रैली का आयोजन किया गया है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य जनपद में और विशेषकर शहरी क्षेत्र में अधिक से अधिक मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करना है। मतदाता लोकतंत्र की मजबूती के लिए तीन मार्च को बूथों पर मतदान करने अवश्य जाएं।

एडीएम डा. पंकज कुमार वर्मा ने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित किए जा रहे सभी कार्यक्रमों का उद्देश्य मतदाताओं को उनके मत की ताकत से अवगत कराना है और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करना है। स्वीप प्रभारी, जिला विद्यालय निरीक्षक ने भी लोगों से मतदान करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पांडेय, बीएसए ओम प्रकाश यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी डीसी त्रिपाठी, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी समेत नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।

परतावल संवाददाता के अनुसार विधानसभा चुनाव 2022 में शत प्रतिशत मतदान को लेकर नगर पंचायत परतावल में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। नगर पंचायत परतावल के अधिशासी अधिकारी देवेंद्र मणि त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली नगर का भ्रमण करते हुए नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। कर्मचारियों ने लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक मोहनलाल, शिवम द्विवेदी, आनंद गुप्ता, सर्वेश सिंह,दीपक रावत, दीपक सिंह, अजय सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

नौतनवा संवाददाता के अनुसार एसडीएम न्यायिक (कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी नौतनवा) महेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में नपा द्वारा नगर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में पालिका कर्मचारियों एवं बीएलओ ने विभिन्न स्लोगन के माध्यम से लोगों से विधानसभा निर्वाचन 2022 में वोट डालने का सुझाव दिया। मतदाता जागरूकता संबंधी पर्चे बांटे गए और विभिन्न स्थानों पर स्टीकर भी चस्पा कराए गए। जलकल परिसर से निकली रैली भगतसिंह चौक, जायसवाल मुहल्ला, हनुमान चौक, अटल चौक, घंटाघर चौक, गांधी चौक से वापस जयहिद चौराहे पर पहुंच कर समाप्त हुआ। इस दौरान बड़े बाबू रमाशंकर सिंह, संतोष श्रीवास्तव, रविकांत वर्मा, उमेश चंद, विध्याचल सिंह आदि उपस्थित रहे। सोनौली नगर पंचायत में भी मतदाता जागरूकता रैली एसडीएम रामसजीवन मौर्य के नेतृत्व में निकाली गई।

फुलमनहा संवाददाता के अनुसार नगर पंचायत बृजमनगंज में सफाई कर्मियों व कार्यालय कर्मचारियों द्वारा नगर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों ने हाथ मे मतदाता जागरूकता संबंधित स्लोगन लिखी तख्तियां ले कर नगर में भ्रमण कर लोगों को तीन मार्च को मतदान करने के लिए जागरूक किया। रैली में मोहम्मद कासिम, आदित्य राय, विनोद यादव, राहुल यादव, शाहबुद्दीन, सुरेंद्र कन्नौजिया, राकेश कुमार, विशाल, हरेंद्र, अमजद अली आदि शामिल रहे। इस अवसर नगर पालिका सिसवा, नगर पंचायत पनियरा, चौक, निचलौल, फरेंदा, सोनौली, घुघली में भी रैली निकाली गई।

सात दिवसीय राष्ट्रीय ऑनलाइन कार्यशाला प्रबंधकीय लेखांकन का हुआ समापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

ओबरा/सोनभद्र। नगर के राजकीय महाविद्यालय ओबरा तथा भारतीय लेखा परिषद, मिर्जापुर शाखा के परस्पर तत्वावधान में चल रहे सात दिवसीय प्रबंधन लेखांकन वेबिनार का शनिवार की देर सायं समापन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर मानस पाण्डेय डिपार्टमेंट ऑफ बिजनेस इकोनॉमिक्स, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी एवं भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के पूर्व डीजीएम एवं वर्तमान सीनियर कंसलटेंट, एसोसिएशन आफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया (एम एफ पी) सूर्य कांत शर्मा जी उपस्थित रहे। राजकीय महाविद्यालय ओबरा के वाणिज्य विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ विकास कुमार के वक्तव्य के बाद समापन समारोह का प्रारम्भ शशांक श्रीवास्तव, रिसर्च स्कॉलर आईआईएम रायपुर ने सभी का स्वागत करके किया।अतिथि गणों का स्वागत स्वयं डॉ विकास ने किया। इसके पश्चात शाशांक ने संचालन कर्ता के रूप में आतिथियों के समक्ष पूरे सात दिनों की रिपोर्ट पढ़ी जिससे कि विगत सात दिनों में प्रबंध की लेखांकन के कुछ मुख्य शीर्षक जैसे सीमांत लागत,सम विच्छेद बिंदु,लाभ मात्रा से उत्पाद बंद करने का निर्णय, निर्धारण,लोचदार बजट तथा



अनुपात,सीमांत लागतो के आधार पर विभिन्न निर्णयरू बनाओ या खरीदो निर्णय, स्थाई रूप बाजार क्षेत्रों का संवर्धन, वस्तुओं का मूल्य निर्धारण एवं अनुकूलतम विक्रम मिश्रण का प्रमाप लागत पर विस्तार से चर्चा की गयी। अतिथियों को एक सारांश के रूप में सारी बातें बताई गयी। इसके बाद एक एक करके दोनों आतिथियों ने सबके समक्ष अपने आशीर्वचनों को रखा। उन्होंने सभी आयोजकों को इस सफलता आयोजन के लिए बधाई दिया एवं कहा की इस तरह की कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए बहुत लाभदायक है तथा अन्य विषयों पर भी इस तरह की कार्यशाला का आयोजन भविष्य में करने के लिए उत्साहवर्धन किया तथा सभी आयोजकों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने बताया कि कोविड–19 काल प्रारंभ होने के पश्चात ही इस तरह की ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन राजकीय पीजी कॉलेज लगातार कर रहा है जिससे न केवल इस छोटे से कस्बे की बल्कि यहाँ मौजूद प्रतिभाओ की पहचान और प्रशंसा होती है । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार ने भी इस सफल प्रयास की प्रशंसा एवं सराहना की इसी के साथ उन्होंने निरंतर ऐसे ही प्रेरणादायी कार्यक्रम कराने के लिए आयोजकों को प्रेरित भी किया,तथा कहां की प्रतिभागियों के संख्या से ही समारोह की सफलता का आंकलन किया जा सकता है और इस समारोह में सभी प्रतिभागियों ने बहुत ही बढ़ चढ़ हिस्सा लिया तथा रोज उपस्थित रहें विगत सात दिनों से चल रहे इस वेबिनार को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का संकल्प आयोजकों की टीम ने लिया है और वे इसे आगे बढ़ाते रहने के लिए प्रतिबद्ध है।कार्यक्रम का अंत सह आयोजक डॉक्टर शैलेश द्विवेदी जी के ज्ञान वर्धक शब्दों से हुआ। कार्यक्रम में डॉ मृत्युंजय पाण्डेय महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, एनटीपीसी परिसर, शक्तिनगर,दीपक कुमार मिश्रा, राम मनोहर लोहिया पीजी कॉलेज वाराणसी, डॉ मेघा अग्रवाल, उत्तराखंड, डॉ आशीष कुमार पांडे, छत्तीसगढ़, डॉ अमित वर्मा, उड़ीसा आदि मौजूद रहे।

स्कूटनी के दौरान 116 पर्चे वैध पाए गए 32 पर्चे निरस्त किये गए

जिला निर्वाचन अधिकारी अपने सहयोगियों के साथ स्कूटनी के दौरान बराबर करते रहे निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। गोरखपुर जनपद के 9 विधानसभाओं की स्कूटनीध पर्चो की जांच करने के बाद 116 पर्चे वैध पाए गए 32 पर्चे सही तरीके से प्रत्याशियों द्वारा भरा नहीं गया था जिसे रिटर्निंग अफसर प्रेक्षक की मौजूदगी में निरस्त किये। जिला निर्वाचन अधिकारीध जिलाधिकारी विजय किरन आनंद 9 विधानसभा के चल रहे स्कूटनिग कार्यों का सभी आरओ कक्ष में पहुंचकर निरीक्षण कर रहे थे । प्रेक्षक की मौजूदगी में रिटर्निंग अफसर जमा किए गए प्रत्याशियों के पर्चे को चेक किया जिनके पर्चे सही तरीके से नहीं भरे गए थे उनके पर्चे को निरस्त किया गया गोरखपुर जनपद की 9 विधानसभाओं में 116 पर्चे वैध पाए गए हैं 32 पर्चे निरस्त किए गए सदर विधानसभा से 23 प्रत्याशियों ने पर्चे जमा किए थे जिनमें 10 प्रत्याशियों के सही तरीके से पर्चे भरे नहीं गए थे उनके पर्चा निरस्त किए गए हैं अवधेश कुमार नवल किशोर नथानी मनोज शर्मा धर्मेंद्र श्रीवास्तव रामवृक्ष सरवर अली राकेश निषाद मेवालाल सीमा गौतम अरुण बच्चन कैंपियरगंज विधानसभा से 15 पर्चे जमा किए गए थे 13 पर्चे वैध पाए गए 2 अवैध पर्चे पाए गए विद्या भारती अशोक निरस्त किये गए चिल्लूपार विधानसभा से 11 पर्चे जमा किए गए थे 10 पर्चे वैध पाए गए एक पर्चा अरविंद का निरस्त किया गया सहजनवा विधानसभा से कुल 19 प्रत्याशियों ने पर्चे जमा किए गए 15 पर्चे वैध पाए गए 4 पर्चा दिलीप मौर्य राजेंद्र प्रसाद दीपक राज संजय का पर्चा

निरस्त किया गया ग्रामीण विधानसभा से 21 पर्ची जमा किए गए थे सोले पर्चे वैध पाए गए हैं 5 डॉ हरिराम रुदल मो मिमातुल्ला कौशल्या देवी सत्यम शुक्ला का पर्चा निरस्त किया गया खजनी विधानसभा सीट के 11 प्रत्याशियों ने जमा किया था किसी का पर्चा निरस्त नहीं किया गया सभी के पर्चे वैध पाए गए पिपराइच विधानसभा से 20 प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया था 15 प्रत्याशियों के पर्चे वैध पाए गए 5 प्रत्याशियों के पर्चे सही तरीके से भरे नही गए थे निरस्त किए गए बजरंगी सत्येंद्र कन्हैया राजबहादुर शिवदत्त शामिल है चौरी चौरा विधानसभा से 19 पर्चा दाखिल किए गए थे 14 पर्चे वैध पाए गए 5 पर्चे सही तरीके से भरे नहीं गए थे उनके पर्चे निरस्त किए गए रामनेत्र विश्वकर्मा बृजेश्वर कुमार राजेश कुमार सुमन मनीष सिंह शामिल है बांसगांव विधानसभा से 9 प्रत्याशियों ने अपने–अपने पर्चे दाखिल किए थे सभी के पर्चे वैध पाए गए। अब 16 फरवरी को कंफर्म हो पाएगा कि अंतिम दिन किन–किन प्रत्याशियों ने अपने अपने पर्चे वापस लीये अभी तक 116 प्रत्याशी मैदान में है। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारीध एडीएम वित्त राजेश कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार पुलिस अधीक्षक अपराध श्रीमती इंदु प्रभा सिंह क्षेत्राधिकारी कोतवाली विमल कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी कैंपियरगंज अजय कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी खजनी अनिल कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी एलआईयू राहुल पंकज क्षेत्राधिकारी सी ओ ऑफिस प्रशाली गंगवार मौजूद रही।

ग्रामीण व सविंदा कर्मचारी सुनील कर रहे अथक प्रयास

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोहास/सिद्धार्थनगर। पिछले कुछ दिन पहले आयी आधी पानी की वजह से गांव की बिजली व्यवस्था तमाम जगह पोल गिरने व तार टूटने की वजह से बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ग्रामीण इलाकों में ध्वस्त हो गयी थी। लगातार कई दिनों से सविंदा

कर्मचारी सुनिल (गोपी) ग्रामीणों की मदद से बिजली के ध्वस्त पोल व टूटे तार को ठीक करने में लगे हैं। ग्रामीणों के अनुसार सुनील (गोपी) बिजली व्यवस्था ठीक करने में काफी मेहनत कर रहे हैं। तथा साथ साथ गांव के लोग भी अपना योगदान दे रहे हैं। उक्त अवसर पर सुनील वर्मा ,अनिल, शैलेष, अमन, शनि वर्मा, आशिष, शानू, सहजाद ,अनुप, राजू, अक्षय, समीर ,सलीम रहमान ,सिड्डू, अख्तर, सूरज आदि ग्रामीण ने बिजली को ठीक करने में अपना पूरा सहयोग दिया।

चौरी चौरा पुलिस सेंधमार कर चोरी करने वाला अभियुक्त को गिरफ्तार किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। चौरीचौरा पुलिस से सेंधमारी कर चोरी करने वाले

चोर को किया गिरफ्तार पुलिस लाइन वाइट हाउस सभागार में पुलिस अधीक्षक नगर क्षेत्र अधिकारी कैंपियरगंज अखिलानंद उपाध्याय ने प्रेस वार्ता कर बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताड़ा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियो पर पूर्ण रुप से अंकुश लगाये जाने हेतु वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी के लिये चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 11 फरवरी को रात्रि में फिन केयर स्माल फाईनेन्स बैंक राघोपुर की सेंधमारी कर चोरी हुई थी । घटना के अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा अखिलानंद उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक चौरीचौरा इंस्पेक्टर सुबोध कुमार के कुशल नेतृत्व में स्वाट टीम एवं सर्विलान्स टीम के सहयोग से थाने की पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय थाने पर पंजीकृत मु0अ0सं0– 52ध्22 धारा 457ध्380ध्411 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त आकाश पासवान पुत्र विनोद पासवान निवासी मेहिया थाना झंगहा गोरखपुर को एक अदद टेबलेट (बरामदगी दृ चोरी की गयी टेबलेट) दो अदद मोबाइल कुल 120 रुपए के साथ तरकुलहा माता मंदिर के गेट के पास हाइवे के किनारे से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार करने वालो में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप शर्मा दृ स्वाट टीम उ0नि0 धीरेन्द्र राय दृ सर्विलांस सेल उ0नि0 विनय कुमार दृ थाना चौरी चौरा उ0नि0 मदन मोहन मिश्र दृ थाना–चौरी चौरा का0 पिन्टू कुमार दृ थाना चौरी चौरा हे0का0 अरुण खरवार स्वाट टीम का0 करुणा पति तिवारी स्वाट टीम का0 दुर्गेश मिश्रा स्वाट टीमसम्लित थे।

महिला चौपाल एवं मेंहदी अभियान चलाया

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। सदर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने अलग–अलग टोलिया बनाकर विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार को महिला चौपाल एवं कमल मेंहदी अभियान चलाया। भाजपा के राष्ट्रीय सलाहकार कार्यकारिणी की सदस्य सलाका साल्वी के नेतृत्व में हुमायूँपुर कालोनी, जनप्रिय बिहार, वार्ड–12 में सुमन श्रीवास्तव के यहां चौपाल लगाकर कमल मेंहदी का कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा घर–घर जनसम्पर्क अभियान चलाया गया। जनसम्पर्क करते हुए योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा महिलाओं के लिये किये

गये कार्यों को बताया गया। सलाका साल्वी ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार एवं उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के संयुक्त प्रयासों ने हर घर में शौचालय का निर्माण कराकर महिलाओं को शर्मिंदगी से बचाया। महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उनकी शिक्षा, स्वावलम्बन और रोजगार आदि के लिए भी कार्य किया गया। इन कार्यों को देखते हुए हम सबको भाजपा के पक्ष में मतदान करना होगा। गोरखपुर सदर विधानसभा क्षेत्र के दुर्गाबाड़ी में भाजपा मंडल मंत्री मंजू चौधरी के नेतृत्व में घर–घर जनसम्पर्क अभियान चलाया गया और भाजपा सरकार की नीतियों को बताते हुए भाजपा प्रत्याशी योगी आदित्यनाथ के पक्ष में मतदान की अपील की गयी। इस अभियान में पार्षद उषा देवी, शीला अग्रहरी, शीला सिंह, अनीमा ओझा, शैल त्रिपाठी, लीलावती श्रीवास्तव, रिंकी देवी, मुकेश गुप्ता सहित महिला मोर्चा के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आर्यनगर के सूर्यविहार कालोनी में मीना श्रीवास्तव के नेतृत्व में घर–घर जनसम्पर्क अभियान चलाया गया और घर–घर जाकर भाजपा सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए पम्पलेट का वितरण किया गया। मीना श्रीवास्तव ने सूर्यविहार कालोनी की महिलाओं को भाजपा सरकार के द्वारा महिला सुरक्षा, महिला एवं बाल टीकाकरण सहित महिलाओं के लिये चलायी गयी विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस अभियान में सुनीता देवी, अर्चना सिंह, प्रभा पाण्डेय, दीपस्वरूप, बाबूभाई, संदीप तिवारी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शूरवीरों का बलिदान हम भारत वासियों को हमेशा स्मरण रहेगाः गुड्डू खान

दैनिक बुद्ध का संदेश

नौतनवां। पुलवामा आतंकी हमले की तीसरी बरसी है। आज

ही के दिन 2019 में एक आतंकवादी हमले में देश ने सीआरपीएफ के 40 बीर जवान को खो दिया था आज पूरा देश उन बीर सपूतों के बलिदान को नम आंखों से याद कर रहा है। नौतनवां को भी उन वीर सपूतों की शहादत के लिए याद किया जाता है जहॉ के 2 बीर सपूत कारगिल के युद्ध मे तथा 1 सपूत पंकज त्रिपाठी पुलवामा में देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गए थे। पुलवामा शहीद दिवस पर आज नौतनवा नगर पालिका अध्यक्ष गुड्डू खान ने नगर के छपवा शहीद स्मारक पहुचकर पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए सभी 42 वीर सपूतों को याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किया और उनके बलिदान को देश के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। इस दिवस पर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि आज भी देश को वो दिन याद है,जब सुरक्षाबलों को ले जा रही 78 बसों के काफिले पर हुए आतंकवादी हमले में 42 जवान शहीद हो गए थे, देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले उन सभी शूरवीरों का बलिदान हम भारतवासियों को हमेशा स्मरण रहेगा। इस अवसर पर शाहनवाज खान,बन्टी पाण्डेय, राजेश व्यायड, धीरेन्द्र सागर, प्रमोद पाठक, आयुष जाय0, सिपाही आज्ञाराम यादव, वृजेश सिंह, जगदीश नारायन मिश्र, सुरेन्द्र प्रसाद, रंजन पाण्डेय, मो0 शावी, रामानन्द गुप्ता, बबलूलारी, अनुज राय आदि लोग उपस्थित रहे।

धनबाद में आयोजित इंटरनेशनल सोतोकान कराटे डैन ग्रेडिंग परीक्षा हुआ सफल

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। इंटरनेशनल शॉतोकान कराटे प्रशिक्षक व प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा डैन ग्रेडिंग परीक्षा रविवार को धनबाद में आयोजित हुई। उसमें इंटरनेशनल सोतोकान 'कराटे खेल में फोर्थ ब्लैक बेल्ट डैन परीक्षा के लिए उत्तर प्रदेश के गोरखपुर गोला बाजार देवकली गाँव निवासी सेनसई दीपक

शाही व गोरसड़ी ग्राम निवासी सेंसेई पन्ने लाल यादव दोनो लोगो का चयन कराटे के ब्लैक बेल्ट फोर्थ डिग्री में हुआ। और इन लोगो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनके साथ ही ब्लैक बेल्ट फर्स्ट डैन परीक्षा के लिए दीपक शाही के 10 विद्यार्थियों का चयन उनकी काबिलियत को देखकर कराटे के ब्लैक बेल्ट फर्स्ट डैन' में हुआ, और उनको भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जो इस प्रकार है। जो गोला के चन्द चौराहा निवासी रजनीश गुप्ता अवरूस गाँव के रतन कुमार बेलपार पाठक गांव के शुभम प्रजापति कोहड़ी बुजुर्ग गांव के राहुल कुमार व बांसगांव क्षेत्र के दोनखर बांसगांव के वार्ड नंबर 6 के शिवांश सिंह बांसगांव वार्ड नंबर 12 निवासी आदित्य सिंह बांसगांव वार्ड नंबर 9 के आयुष कुमार सिंह बांसगांव के कृष्णा सिंह मरवटिया कटहरिया बांसगांव के अनमोल राव धूसुना पाली बांसगांव के विशाल भारती इन सभी कराटे के खिलाड़ियों को कराटे के ब्लैक बेल्ट फर्स्ट डॉन से सम्मानित किया गया।

घोरावल विधानसभा में 5 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक ने भ्रमण सील रहकर नामांकन प्रक्रिया व्यवस्था का लिया जायजा जनपद में विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 हेतु नामांकन प्रक्रिया के तृतीय दिन विधानसभा घोरावल में 5 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में डॉ अनिल मौर्य भाजपा मोहन सिंह कुशवाहा बसपा अनीता कॉल जेडीयू सुरेश कॉल सीपीआई माले से जन अधिकार पार्टी रानी सिंह ने अपना नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर उप जिलाधिकारी रमेश कुमार के समक्ष उपस्थित होकर नामांकन पत्र प्रस्तुत किया चारों विधानसभाओं में कुल 36 उम्मीदवारों ने 43 नामांकन पत्र लिया इस दौरान अपर जिलाधिकारी राकेश सिंह अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने संयुक्त रुप से भ्रमण शील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का हाल जाना व संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए नामांकन प्रक्रिया के तृतीय दिन रिटर्निंग ऑफिसर उप जिलाधिकारी घोरावल रमेश कुमार द्वारा बताया गया कि 9 उम्मीदवारों द्वारा 13 नामांकन पत्र लिया गया इसी प्रकार उप जिलाधिकारी रावटसगंज राजेश सिंह ने बताया की 15 उम्मीदवारों द्वारा 15 नामांकन पत्र लिया गया उप जिलाधिकारी ओबरा जैनेंद्र सिंह द्वारा बताया गया कि 7 प्रत्याशियों द्वारा 14 नामांकन पत्र लिया गया उप जिलाधिकारी दुद्धी प्रमोद तिवारी द्वारा बताया गया 5 उम्मीदवारों द्वारा पांच नामांकन पत्र लिया गया इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने निरीक्षण सीसीटीवी कैमरे के संचालन नामांकन प्रक्रिया के ड्यूटी में लगे कर्मियों आदि के संबंध में जानकारी ली इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सहित अन्य संबंधित गण उपस्थित रहे।

जन अधिकार पार्टी से रानी सिंह ने किया नामांकन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जन अधिकार पार्टी घोरावल विधानसभा की प्रत्यासी

रानी सिंह ने किया नामांकन। इस दौरान रानी सिंह कुशवाहा ने कहा कि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी एवं एक समान शिक्षा व क्षेत्र के विकास के मुद्दे पर लडूंगी चुनाव। नामांकन के दौरान मंडल अध्यक्ष डा0 भागीरथी सिंह मौर्य, जिला अध्यक्ष आदित्य मौर्य महासचिव रविरंजन शाक्य, जिला प्रभारी सभापति सिंह, रावट्सगंज विधानसभा प्रभारी सुमंत सिंह मौर्य, सोना देवी, विनोद कुमार, चंद्रशेखर, श्रीपति विश्वकर्मा, मोतीलाल, विजय, विजयमल, सहित अनेकों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा गठबंधन निषाद पार्टी विधायक प्रत्याशी ऋषि त्रिपाठी के पक्ष में कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौली/नौतनवां। विधानसभा चुनाव के लिए मतदान तिथि नजदीक आ रही है ऐसे में भाजपा समर्थित निषाद पार्टी के विधायक प्रत्याशी ऋषी त्रिपाठी के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। डोर–टू– डोर जनसंपर्क के लिए कार्यकर्ताओं नें आज सीमालीपुर, सुकरौली, रेहरा, नौनिया, श्यामकाट गांव में घर–घर जनसंपर्क कर

मतदाताओं से भोजन भरी थाली पर वोट मांगा। एवं लोगो को बताया कि भाजपा की सरकार में सभी समाज के लोगों का विकास हो रहा है।योजनाओं का सीधा लाभ गरीबों तक पहुंच रहा है और 2022 में फिर से भाजपा की सरकार बनने जा रही है। इसलिए भाजपा गठबंधन निषाद पार्टी के संयुक्त प्रत्याशी ऋषि त्रिपाठी को जिताएं। इस जनसपंर्क अभियान में मुख्य रूप से भाजपा के सक्रिय सदस्य–अखिलेश त्रिपाठी, अरविन्द हरिनारायण लोधी, सोहन मद्देशिया, सुबाष यादव, सागर विश्वकर्मा, मोहम्मद अली, जमाल, उमेश योगी मोदी निषाद पार्टी ऋषि त्रिपाठी जिंदाबाद जिंदाबाद के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने जनसंपर्क किया।

थाना संडीला पुलिस,स्वाट,एसओजी व सर्विलांस टीम द्वारा चोरी किए गए ट्रैक्टर मय ट्राली बरामद

हरदोई। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के नेतृत्व और अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी संडीला के निकट पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत थाना संडीला पुलिस,स्वाट,एसओजी व सर्विलांस टीम द्वारा चोरी किए गए ट्रैक्टर मय ट्राली को बरामद कर तीन अभियुक्त गण गिरफ्तार किए हैं। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि थाना संडीला पुलिस,स्वाट, एसओजी टीम व कस्बा चौकी प्रभारी बालेंद्र कुमार मिश्रा के द्वारा मलैया बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से स्थानीय थाना क्षेत्र में चोरी हुए व एक अन्य चोरी का ट्रैक्टर बरामद किया गया। गिरफ्तार तीनों अभियुक्त गण द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि करीब डेढ़ माह पूर्व हम तीनों ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर एक वैगनआर कार यूपी 25 पी 53,3004 से संडीला आए तथा रेकी की तो एक ट्रैक्टर ट्राली अतरौली रोड पर खड़ा दिखाई पड़ा। हम लोग धक्का देकर ट्रैक्टर को सड़क पर लाए और स्टार्ट कर हमारे साथी अभियुक्त महेंद्र, देवेंद्र तथा मनोज ट्रैक्टर ट्राली लेकर उन्नाव चले गए। नेत्रपाल,रणधीर व सचिन सैनी उसी वैगनआर गाड़ी से शाहजहांपुर वापस चले गए तथा दूसरे ट्रैक्टर के बारे में पूछने पर बताया कि दूसरा ट्रैक्टर करीब डेढ़ वर्ष पूर्व माह सितंबर में खुटार रोड मुरादनगर थाना बंडा जनपद शाहजहांपुर से चोरी किया था।कागज ना होने के कारण बिक नहीं पाया था। जब नेत्रपाल, रणधीर तथा सचिन सैनी ने दोनों ट्रैक्टरों का सौदा पक्का कर लिया तो आज हम लोग ट्रैक्टर को लेकर शाहजहांपुर जा रहे थे कि आप ने पकड़ लिया।दूसरे ट्रैक्टर के संबंध में जानकारी करने पर पता चला है कि जनपद शाहजहांपुर में थाना बंडा पर अभियोग पंजीकृत है। उक्त घटना में छह अभियुक्तों में से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है शेष तीन अभियुक्तों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गिरफ्तार अभियुक्तों में देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ मोटू पुत्र हरपाल सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी विलुंदपुर गद्दीपुर, थाना पुवाया जिला शाहजहांपुर, मनोज सिंह उर्फ प्रधान पुत्र रामपाल सिंह 25 निवासी ग्राम पटाई कठवा, थाना पुवायां, जिला शाहजहांपुर ,महेंद्र कुमार यादव पुत्र गयादीन यादव 24 वर्ष निवासी ग्राम चिन्ना खेड़ा बनीगंज थाना मोरवा जनपद उन्नाव को गिरफ्तार किया है जबकि वांछित अभियुक्तों में नेत्रपाल सिंह पुत्र शिवपाल सिंह 32 वर्ष ग्राम कटरा जिला शाहजहांपुर, रणधीर सिंह उर्फ राजा पुत्र दामोदर सिंह 27 वर्ष ग्राम बहलोलपुर थाना सिरौली जिला शाहजहांपुर और सचिन सैनी पुत्र सतपाल निवासी ग्राम सुखेरी बुध खेड़ा जिला सहारनपुर है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इन फरार अभियुक्त गणों के गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं व अन्य चोरी की घटनाओं का इनसे खुलासा होगा। एक अदद ट्रैक्टर स्वराज 735 एफईईआर रजिस्ट्रेशन नंबर यु3 थ्री बीबी 2099 मय ट्राली थाना संडीला,जनपद हरदोई तथा एक अदद ट्रैक्टर स्वराज 744 एफई रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 27 ए यू 6264, थाना बंडा, जिला शाहजहांपुर बरामद किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक बेनी माधव त्रिपाठी थाना संडीला, उपनिरीक्षक प्रेम सागर सिंह प्रभारी स्वाट टीम, उपनिरीक्षक वर्मा रमेश सिंह प्रभारी एसओजी, उपनिरीक्षक बालेंद्र कुमार मिश्रा प्रभारी कस्बा चौकी थाना संडीला, हेड कांस्टेबल रमेश सिंह, हेड कांस्टेबल मनोज शुक्ला, हेड कांस्टेबल दिनेश चंद शर्मा, हेड कांस्टेबल इरफान, हेड कांस्टेबल सुभाष मौर्य, हेड कांस्टेबल मनीष कुमार, हेड कांस्टेबल मोहम्मद कलीम ,कांस्टेबल जितेंद्र सिंह, कांस्टेबल मंजेश कुमार, कांस्टेबल बृजनंदन, कांस्टेबल त्रिवेष कुमार, कांस्टेबल आदित्य प्रताप सिंह, कांस्टेबल सुरजीत सिंह, कांस्टेबल आशीष सिंह ,कांस्टेबल ओमवीर सिंह और कांस्टेबल प्रदीप कुमार सर्विलांस सेल शामिल रहे।

गौरव जन कल्याण के तत्वाधान में सिंगिंग सुपरस्टार हरदोई का सेमीफाइनल संपन्न

हरदोई।गौरव जन कल्याण के तत्वावधान में सांडी रोड स्थित वीरू बाबू की कोठी ष्गोत्रीष में सिंगिंग सुपर स्टार हरदोई का सेमीफाइनल सम्पन्न हुआ। सेमीफाइनल में जूनियर वर्ग में 17 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 10 प्रतिभागी फाइनल के लिये चयनित हुए। सीनियर वर्ग में 27 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 22 प्रतिभागियों को फाइनल प्रोग्राम के लिए चयनित किया गया। फाइनल प्रोग्राम में चयनित प्रतिभागियों को प्रोग्राम का समय व स्थान फोन द्वारा सूचित कर दिया जाएगा। गिटार पर सत्त्यम व रुद्राक्ष, तबले पर संगत कुमार, ईशान मिश्रा, हार्मोनियम पर मनोज अग्रवाल निर्णायक, सुनील त्रिवेदी व स्मृति मिश्र रहे। आयोजक, गौरव श्रीवास्तव ने आए हुए अतिथियों का आभार जताया। सहयोग परितोष,दीपिका श्रीवास्तव,सुजाता अग्रवाल,हर्षित श्रीवास्तव, अभिषेक गुप्ता व नवल किशोर द्विवेदी का रहा।जूनियर वर्ग में चयनित प्रतिभागी पल्लवी सिंह, आराध्या वर्मा,,आकांक्षा मिश्रा,आरवी वर्मा,आकृति मिश्रा,अंशिका शुक्ला, दिव्यांशी कश्यप,कशिश सोनी,आराध्या पांडे,महिमा कश्यप और सीनियर वर्ग में चयनित प्रतिभागी आर्या मिश्रा,दिव्या त्रिपाठी,संस्कृति मिश्रा,उजमा तनवीर, शिवांश शुक्ला,रितेश कुमार, गुलशन कुमार विराज सिंह,बेबी हुदा,मधु गुप्ता,सुमति मिश्रा,पलक अस्थाना, रिया शुक्ला,स्नेहा पांडे,वैष्णवी सिंह,सुहानी मिश्रा,अन्वेषा तिवारी,इशिता तिवारी,परी वर्मा,अभिषेक द्विवेदी,ईशा कंसल, वैष्णवी शुक्ला हैं।

श्री श्याम बाबा की द्वादशी पर हुआ विशाल भंडारा

हरदोई।श्री श्याम मित्र मंडल हरदोई द्वारा आज श्याम बाबा की द्वादशी उत्सव पर श्याम बाबा को भोग लगाकर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें मंदिर में आने वाले श्याम भक्तो के साथ आम जन को भी कढ़ी चावल का प्रसाद वितरित किया गया। ज्ञात हो कि श्याम बाबा के कीर्तन एकादशी के उपरांत द्वादशी के उपरांत द्वादशी के दिन श्याम बाबा के भोग लगाया जाता है।इसी क्रम में श्री श्याम मित्र मंडल हरदोई द्वारा श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज पर विशाल भंडारे का आयोजन कर कढ़ी चावल का प्रसाद वितरण किया गया। समिति के सदस्यों में अनुपम अग्रवाल,अनुराग कुमार वैश्य,ऋषभ अग्रवाल,अमित अग्रवाल, संचित अग्रवाल,विवेक बंसल,सुधांशु अग्रवाल, अपूर्व महेश्वरी,साहिल, यस अग्रवाल,राहुल अग्रवाल,शुभम गुप्ता,देव अग्रवाल,सौरभ गुप्ता,गोपाल सिंघल,आंचल अग्रवाल,अंचल अग्रवाल,सपन अग्रवाल, विजय गुप्ता,कुणाल रस्तोगी,सुशील गुप्ता आदि मौजूद रहे।

ब्राह्मणों,पिछड़ों और दलितों के साथ अन्याय करने वालों को अब जान चुकी जनताः डॉ अशोक बाजपाई

हरदोई।सवायजपुर में ब्राह्मण समाज का शोषण करने वाले,पिछड़ों के अधिकारों पर डाका डालने वाले और दलित समाज के साथ अन्याय करने वाले आज सबके हितैषी होने का प्रोपोगंडा रच रहे हैं लेकिन सवायजपुर की जनता ऐसे जयचंदों को पहचान चुकी है जिनकी फितरत में धोखा है। उक्त विचार राज्यसभा सांसद डॉ अशोक बाजपेई ने अनंगपुर और भरखनी में भाजपा प्रत्याशी विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू के पक्ष में आयोजित प्रभावी मतदाता सम्मलेन में व्यक्त किए। डॉ बाजपेई ने कहा कि विकास को और गति देने के लिए एक बार फिर रानू को विधायक बनायें तो वो मंत्री बनकर आयेंगे और सवायजपुर को प्रदेश में सबसे विकसित विधानसभा क्षेत्र बनाएंगे। विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने कहा कि मैंने अपने पूरे कार्यकाल में विकास और सम्मान की राजनीति की है। मेरा संकल्प सवायजपुर क्षेत्र को विकास की दिशा में सबसे आगे लेकर जाने का रहा है।

उसी दिशा में अर्जुनपुर पुल सहित 18 लघु सेतु,भरखनी नहर में पानी,पाली से कुर्रिया तक की सड़क सहित 400 सड़कें,पाली मंडी का जीर्णोद्धार,300 के लगभग गांवों में बिजली , 4 नए पावर हाउस की स्वीकृति,4 नए अस्पताल, 3 कृषि कल्याण केन्द्र,5 इंटर कॉलेज आदि का निर्माण कराया ,जिस जातिवाद के दंश से क्षेत्र को पिछड़ेपन का दर्द सहना पड़ा ,उसे जड़ से उखाड़ फेंकने का मैने प्रयास किया है पर कुछ स्वार्थी लोग आज भी क्षेत्र में जातिवाद की आग सुलगा कर अपने स्वार्थ की रोटियां सेंकने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं।

उनके नापाक इरादों को सवायजपुर की सम्मानित जनता कभी भी पूरा नहीं होने देगी और भाजपा की सरकार बनाकर जातिवाद पर विकासवाद की जीत का संदेश देगी। इस अवसर श्री बाजपेई ने जनसत्ता दल,सपा और बसपा छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए जनसत्ता दल के जिला उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, लालाराम कुशवाहा,नितेश सिंह राठौर,अभय सिंह,बसपा छोड़ने वाले उमेश वर्मा,सत्यदेव, संजय कुमार,आकाश कुमार,जानकी प्रसाद, मंगल वर्मा प्रेमसागर राजपूत,रमेश पाल, सियाराम पाल,घनश्याम पाल, रामखिलावन,पवन सिंह,अनुज राजपूत, रामदर्श राजपूत, रतनलाल, रामकेवल राजपूत आदि को अपने दर्जनों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इन जनसभाओं में कमलाकांत बाजपेई, पारुल दीक्षित,रामदेव बाजपेई,सौरभ मिश्र सिप्पी,ओ पी मिश्र समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जन मौजूद रहे।

अनुमति के बिना किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत न किया जायेः जिला निर्वाचन अधिकारी

हरदोई।जिला मजिस्ट्रेटधजिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कुमार ने समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देश दिये हैं कि आपके अधीन ऐसे अधिकारीध्कर्मचारी जो निर्वाचन ड्यूटी में लगे हैं,उनको अधोहस्ताक्षरी व मुख्य विकास अधिकारी की अनुमति के बिना किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत न किया जाये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि मुख्य विकास अधिकारी द्वारा भी अवकाश स्वीकृत करने उपरान्त उक्त सूचना अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित की जायेगी। उन्होने कहा है कि सभी विभागाध्यक्ष उक्त आदेश का कड़ी से अनुपालन करायें और आदेश की अवहेलना करने पर संबंधित के विरूद्व कठोर कार्यवाही की जायेगी।

चलती बस में धुंआ देख यात्रियों में दहशत

जौनपुर। सुल्तानपुर से शाहगंज जा रही उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बस के इंजन के पास से धुंआ निकलता देख बस में सवार यात्री दहशत में आ गए। आगजनी की आशंका को देख यात्री तत्काल बस से उतर कर नीचे खड़े हो गए। बताते है कि रविवार को पूर्वाह्न शाहगंज जा रही सुल्तानपुर डिपो की बस के लखनऊ बलिया राजमार्ग स्थित सरपतहां मोड़ पर पहुंचते हीं बस के इंजन के पास से धुंआ निकलने लगा। बस चालक ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत बस को रोक दिया, यात्री बस से सुरक्षित उतरकर सड़क के किनारे खड़े हो गए,जिन्हे निगम की दूसरी बस से गन्तव्य तक भेजा गया,फिलहाल चालक की तत्परता और स्थानीय लोगों के सहयोग से स्थिति पर नियंत्रण पा लिया गया तथा किसी प्रकार की क्षति नहीं हो सकी। घटना के सम्बन्ध में सुल्तानपुर डिपो के ए.आर.एम. का कहना है कि बस के गियर बाक्स में खराबी आ जाने से बस को रोककर यात्रियों को निगम की दूसरी बस से गन्तव्य तक भेज दिया गया तथा बस की मरम्मत निगम स्थित वर्कशाप में की जा रही है।

पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से 315 बोर का तमंचा किया बरामद

हरदोई।अरवल पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापा मार कर एक व्यक्ति के पास 315 बोर का तमंचा व एक कारतूस बरामद किया।पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर दिया है। अरवल थानाध्यक्ष राजपाल सिंह ने बताया है कि थाना क्षेत्र के अदनिया गाँव निवासी सरवन पुत्र स्व रतिराम के पास से गम्भीर पुल के पास से 315 बोर तमचा व 1 कारतूस बरामद कर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकादम दर्ज कर आरोपी को रविवार को जेल भेज दिया गया है।

चौरसिया समाज को एकजुट होने की जरूरत

जौनपुरं। शाहगंज में चौरसिया समाज का बैठक में जिलाउपाध्यक्ष सुनील चौरसिया ने चौरसिया समाज के उत्थान पर प्रकाश डालते हुए तथा पीयूष चौरसिया ने शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के लिए लोगो को प्रेरित किया । जयहिंद चौरसिया ने राजनीति में बढ़ चढ़ कर हिस्सा के लिए कहा । रामपूजन चौरसिया जिला महामंत्री ने उपस्थित बंधुओं को कहा कि आज समाज काफी पिछड़ता चला जा रहा है, जो काफी चिंता का विषय है। चौरसिया समाज को शिक्षित बनाने के लिए एकजुट होने की जरूरत है लालचंद्र चौरसियाने कहा कि समाज के उत्थान के लिए जो भी कुर्बानी हम लोगों को देना पड़ेगा हम लोग साथ में खड़े हैं केवल सहयोग की जरूरत है। इस मौके पर शिव आसरे चौरसिया कुन्दन पन्नालाल छद्दू प्रसाद रामबरन यमुना प्रसाद राम सहाय चौरसिया प्रदीप कुमार चौरसिया प्रधानाध्यापक गणेश प्रसाद नाग गंगा प्रसाद चौरसियाअदालती चौरसिया एडवोकेट राम सरन मूलचंद चौरसिया प्रमोद कुमार चौरसिया तिलकधारी फेकूराम चौरसिया रामजीत चौरसिया एडवोकेट राजेश कुमार चौरसिया सर्वेश चौरसिया सतीस चौरसिया उमाशंकर चौरसिया संदीप चौरसिया आदि की उपस्थिति में शाहगंज निवासी श्री ओम चौरसिया को तहसील अध्यक्ष तथा देवीप्रसाद उर्फ मन्टू चौरसिया को तहसील महामंत्री के लिए मनोनीत किया गया अंत मे श्री प्रदीप ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया ।

प्रदेश प्रभारी का ब्राह्मण समाज ने किया अभिनंदन

जौनपुर। उत्तर प्रदेश मीडिया प्रकोष्ठ अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा प्रदेश प्रभारी बनाए जाने के बाद गृहतहसील मछली शहर में प्रथम आगमन पर ज्ञानेश्वर पाठक के नेतृत्व में ब्राह्मण समाज ने अनिल दुबे आजाद का अभिनंदन किया। समाज के नौजवानों ने फूल मालाओं से लाद कर भव्य स्वागत किया । प्रदेश प्रभारी आजाद ने अपने संबोधन में कहा कि छोटे–छोटे संगठनों रूपी कुनबो में बंटे ब्राह्मण समाज का जो मान सम्मान था उसे पुनर्स्थापित करने तक यह समाज चुप नहीं बैठने वाला है बिना प्रणाम किए आशीर्वाद देने की परंपरा को समाप्त करना होगा । जो प्रणाम करेगा उसे ही आशीर्वाद दिया जाएगा । समाज के लोगों को यथा उचित जो भी सहयोग आवश्यक होगा संगठन करने के लिए तत्पर है। जिला अध्यक्ष डॉ0 अतुल दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष यूपी रत्न राजेंद्र तिवारी द्वारा जो जिम्मेदारी मिली है उसका पूर्ण निर्वाहन करने के लिए अंतिम दम तक संघर्ष किया जाएगा ।समाज के सभी लोगों से सहयोग की अपेक्षा भी की जाती है भगवान परशुराम का एक दिव्य मंदिर और परशुराम धर्मशाला एवं गौशाला बनाए जाने का संघर्ष यह समाज बहुत दिनों से कर रहा है और जब तक जनपद का नाम यमदग्नि ऋषि के नाम पर नहीं किया जाता तब तक आक्रामक लड़ाई जारी रहेगी । राकेश दुबे निधू पाठक , दिवाकर दिनकर पाठक देवेश मिश्रा अतीश कुमार विराट सनी ऋषभ मिश्रा आदि दर्जनों लोगों ने बैठक में अपने विचार व्यक्त किया।

जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में बडी छापेमारी, 405 लीटर कच्ची शराब हुई बरामद, 2 हजार किलो महुआ, लहन की गई नष्ट

उन्नाव। विधानसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द्र सिंह के नेतृत्व में राजेश प्रताप सिंह आबकारी निरीक्षक पुरवा व प्रदीप कुमार मौर्य आबकारी निरीक्षक बीघापुर, थाना मौरावां स्टाफ के साथ संयुक्त रूप से थाना मौरावां के संदिग्ध ग्राम जनवारन खेडा, चित्ताखेड़ा व ग्राम सरैयां की साप्ताहिक बाजार में दबिश दी। दबिश के दौरान लगभग 180 लीटर कच्ची शराब की बरामदगी करते हुए नियमानुसार 01 अभियोग पंजीकृत किया गया। मौके पर लगभग 10 कुन्तल लहन व 3 भट्टी नष्ट की गयी। दबिश के दौरान गंगा देई पत्नी रामकिशुन निवासी जनवारन खेड़ा, को शराब बनाते हुए गिरफ्तार किया गया। थाना मौरावां में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया। इसके बाद तहसील बीघापुर के संदिग्ध ग्राम तिवरिया व नेवती में दबिश दी गयी, दबिश के दौरान लगभग 135 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए 2 अभियोग पंजीकृत किए गए। मौके पर लगभग 300 किलो महुआ लहन व 1 भट्टी नष्ट की गयी। साथ ही सीतलगंज, बसहा चौराहा, मिटौली मोड़ देशी शराब दुकान व पुरवा विदेशी मदिरा दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। आबकारी विभाग थाना अजगैन व थाना हसनगंज की संयुक्त कार्यवाही में अमित श्रीवास्तव आबकारी निरीक्षक हसनगंज एवं थाना अजगैन पुलिस द्वारा ग्राम कुसुंबी के मजरा लोधौरा में आकस्मिक दबिश दी गई। दबिश के दौरान गांव के अधिकांश उन घरों को चेक किया गया जहां अवैध शराब मिलने की संभावना थी। चेकिंग के दौरान गांव के पास बनी पुलिया से 50 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। साथ ही 700 किलो लहन पास बने बगीचे से खोज कर नष्ट की गई। प्रमोद सन ऑफ राजपाल को मौके से पकड़ कर सुसंगत धाराओं में थाना अजगैन में मुकदमा पंजीकृत किया गया। इसके पश्चात आपकारी टीम द्वारा जैतीपुर रोड पर बने कोल्ड ड्रिंक फैक्ट्री के पास स्थित अधिकांश ढाबों की अचानक चेकिंग की गई। फैक्ट्री के पास स्थित सभी ढाबे गहनता से चेक किए गए, ढाबा मालिकों को निर्देशित किया गया कि ना तो अपने ढाबों से वे अवैध शराब बेचे और ना ही किसी को बैठा कर पिलाएं। साथ ही थाना हसनगंज अंतर्गत गिरवर खेड़ा ग्राम में दबिश दी गई, दबिश के दौरान गांव में स्थित परचून की दुकानों का निरीक्षण किया गया।

आसपास स्थित अधिकांश घरों की चेकिंग की गई। गांव के पीछे बने तालाब के पास से अवैध शराब के कई अड्डों को नष्ट किया गया तथा मौके से 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। मौके से प्राप्त लहन तालाब के पास गिरा कर नष्ट किया गया। कुल 405 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए 2000 किलो महुआ लहन व अन्य उपकरण मौके पर नष्ट किया गया।

चलाया जाएगा सक्षम बिटिया अभियानः बीएसए

जौनपुर। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ0 सुभाष सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल को न्यूपा द्वारा राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किए जाने पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्षध्यक्ष अमित सिंह के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बीएसए कार्यालय में डॉ0 गोरखनाथ पटेल का इस उपलब्धि के लिए जनपद के समस्त शिक्षकों की तरफ से बधाई देते हुए सम्मानित किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि यह मेरा सम्मान नहीं अपितु पूरे बेसिक शिक्षा परिवार का सम्मान है, क्योंकि एक टीम के रूप में एकजुट होकर किए गए सार्थक प्रयास के पश्चात ही सफलता मिलती है, और उस सफलता के लिए भले ही मुखिया सम्मानित होता है लेकिन वास्तव में सम्मानित तो पूरा परिवार होता है साथ ही साथ अपने सम्मानित हुए खंड शिक्षा अधिकारी सिकरारा राजीव यादव के कार्यों की प्रशंसा की। कहा कि संगठन के जिलाध्यक्ष श्री सिंह के नेतृत्व में शिक्षक समस्याओं के संघर्ष के साथ ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में उत्तरोत्तर सुधार के लिए भी प्रतिपल प्रयासरत रहते हुए अपने दूसरे साथियों को प्रेरित करने का अद्वितीय कार्य कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हम एकजुट होकर लड़कियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए यह प्रयास करेंगे कि हमारे विद्यालय में पढ़ने वाली बालिका जब हमारे विद्यालय से पढ़कर निकलती है तो वह किसी भी कारण से घर पर न बैठ जाए बल्कि उसका नामांकन अगली कक्षा में अवश्य होनी चाहिए और इस अभियान के बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय ने सक्षम बिटिया अभियान का स्लोगन दिया। जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाना पूरे जनपद के लिए हर्ष और गौरव की बात है। बीइओ रामपुर अविनाश सिंह बीइओ मछलीशहर पंकज यादव व बीइओ डोमी अजीत सिंह ने बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यों की प्रशंसा की। जिला मंत्री सतीश पाठक, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह उमेश यादव, अतुल प्रताप सिंह, संगठन मंत्री अश्वनी कुमार सिंह, संतोष सिंह ष्बघेलष् मड़ियाहूं अध्यक्ष विशाल सिंह, महराजगंज अध्यक्ष उमेंद्र सिंह, करंजाकला वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीतीश सिंह, केराकत कोषाध्यक्ष धीरज कश्यप, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अर्चना सिंह, मनोज सिंह, रोहित सिंह, शशांक शेखर मिश्रा, एआरपी राजू सिंह, इमरान अली, सुबाष सिंह, अशोक यादव सहित भारी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

सर्वत्र का भला करने का भाव रखते है सन्त

जौनपुर। वर्चुअल रूप में आयोजित महाराष्ट्र के तीन दिवसीय 55 वें वार्षिक निरंकारी संत समागम समारोह में सतगुरु माता सुदीक्षा ने कहा कि संतो के हृदय में सदैव ही सर्वत्र का भला करने का भाव रहता है एवं उनका परम धर्म मानवता की सेवा करना ही होता है"। स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने बताया कि चेंबूर स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन से इस संत समागम का सीधा प्रसारण किया जा रहा है, जिसका आनंद घर बैठे हुए लाखों निरंकारी श्रद्धालु मिशन की वेबसाइट एंव टीवी चौनल से ले रहे है। माता सुदीक्षा ने कहा कि सभी के प्रति प्रेम, दया, करुणा, सहनशीलता का भाव मन में अपनाएं जिससे की इस संसार को स्वर्गमय बनाया जा सके ।` कहा कि हमें अच्छे गुणों का आरंभ स्वयं से करते हुए इसे अपने घर–परिवार मोहल्ले, शहर, देश एवं समस्त विश्व के लिए करना चाहिए, जिससे कि इस संसार को वास्तविक रूप में दिव्य गुणों एवं कर्मों द्वारा महकाया जा सके। निरंकारी मिशन ने सदैव ही सेवा को परम धर्म माना हैय अतः इसी सेवा भाव को अपनाकर मानवता के कल्याण क` लिए सेवाएं निभानी है । हमें इस निरंकार प्रभु की रजा में बगैर शर्तों के समर्पण करना है। ने फरमाया कि एक गुरु को उनके शिष्य ने एक उपहार दिया जिसे गुरु ने बहती हुई नदी में प्रवाहित कर दिया। गुरु ने उसे शिक्षा देने के उद्देश्य से समझाया कि यदि तुमने मुझे कुछ दे दिया तो तुम उसे मुझ पर छोड़ दो कि मैं उसका कैसा प्रयोग करता हूँ? इस उदाहरण द्वारा हमें यही शिक्षा मिलती है कि यदि हम कुछ अर्पण करते हैं तो कुछ भी पाने की अपेक्षा ना हो ।

पंच कुंडीय यज्ञ में कराये विविध संस्कार

जौनपुर। केराकत तहसील क्षेत्र के तरियारी गाव में रविवार को एक दिवसीय पंच कुंडीय यज्ञ का आयोजन हुआ। इस दौरान विविध संस्कार सम्पन्न कराए गए। कार्यक्रम का आयोजन शांति कुंज हरिद्वार गायत्री परिवार के जिला संयोजक डा0 हर गोविन्द यादव के दिशानिर्देशन में पूरे विधि विधान के साथ ग्रामे ग्रामे गायत्री महायज्ञ के अन्तर्गत किया गया। गांव के डीह स्थान पर कलश स्थापित कर यज्ञ का शुभारम्भ किया गया।व्यास मंच से गायत्री परिवार के प्रतिनिधि रामभजन और हरिशंकर ने वैदिक कर्मकांड,संस्कार और सुमधुर युग गायन कर श्रद्धालुओं में भक्ति भावना का संचार किया। वक्ताओं ने कहा कि अपनी संस्कृति को पुनर्जीवित करते हुए महायज्ञ के माध्यम से समाज में एकता,समता,पारस्परिक प्रेम भाव जगाते हुए राष्ट्र के प्रति जन .जागरण. का कार्य गायत्री परिवार द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान मुख्य यजमान रामानन्द चौबे,ओम प्रकाश गुप्ता,अशोक यादव और सन्तोष कुमार चौबे समेत अन्य ग्रामीण श्रद्धालु मौजूद रहे।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर, 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2012/49458
संस्थापकः- स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः- राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एंव सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई-न्यूज पेपरः- www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

बाल रूखे और बेजान हो गए हैं तो इन कंडीशनर का करें इस्तेमाल, आसान हैं बनाना

बालों को बार–बार धोना और हेयर स्टाइलिंग उत्पादों का इस्तेमाल आदि कारणों से बाल रूखे और बेजान नजर आने लगते हैं। वहीं, सर्दियों में इस समस्या से अधिक दो चार होना पड़ता है क्योंकि ठंडी हवाओं बालों की नमी छिनकर उन्हें रूखा और बेजान बन देती हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे कंडीशनर बनाने का तरीका बताते हैं, जिनका इस्तेमाल रूखे बालों को नमी प्रदान करने के साथ ही पोषित करने का काम कर सकता है।

जैतून का तेल, शहद और सेब के सिरके का कंडीशनर

इसके लिए पहले एक कटोरी में एक चम्मच जैतून का तेल, एक चम्मच शहद और आधा चम्मच सेब का सिरका मिलाएं, फिर इस मिश्रण को बालों पर लगाएं। आधे घंटे के बाद सिर माइल्ड शैंपू और पानी से धो लें। जैतून के तेल में उच्च मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं, जो रूखे और बेजान बालों को ठीक कर सकते हैं। वहीं, शहद एंटीऑक्सीडेंट गुण से भरपूर होता है। इसके अलावा, सेब का सिरका बालों को झडने से रोक सकता है।

अंडे की जर्दी का कंडीशनर

अंडे की जर्दी प्रोटीन से युक्त होती है, जो बालों को पोषण देने में मदद कर सकती है। इसके लिए पहले एक कटोरी में दो अंडे की जर्दी को चम्मच की मदद से अच्छी तरह फेंट लें, फिर इसमें एक बड़ी चम्मच जैतून का तेल मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने बालों में लगाएं और 10 मिनट के बाद सिर को सामान्य पानी से धो लें। आप चाहें तो सिर धोते समय माइल्ड शैंपू का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

केले से बना कंडीशनर

सबसे पहले एक मध्यम आकार के कटोरे में एक केले को अच्छे से मैश कर लें, फिर कटोरे में एक बड़ी चम्मच शहद और दो बड़ी चम्मच जैतून का तेल डालकर अच्छे से मिला लें। अब इस मिश्रण को सिर पर लगाएं और शॉवर कैप पहन लें, फिर इसके आधे घंटे बाद सिर को गुनगुने पानी से धो लें। इसके बाद जब यह मिश्रण बालों से पूरी तरह निकल जाए तो उसको माइल्ड शैंपू से धो लें।

योगर्ट और शहद का कंडीशनर

इसके लिए पहले एक कटोरी में आधा कप योगर्ट, एक बड़ी चम्मच शहद, एक चम्मच नारियल का तेल और आर्गन ऑयल की कुछ बूंदें अच्छे से मिलाएं। ध्यान रखें कि योगर्ट बिना फ्लेवर वाला होना चाहिए। अब इस मिश्रण को अपने बालों में लगाकर शॉवर कैप पहन लें, फिर आधे घंटे के बाद अपने सिर को गुनगुने पानी से धो लें। अगर आप डैंड्रफ से छुटकारा और बालों में चमक लाना चाहते हैं तो यह कंडीशनर आपके लिए बेहतरीन है।

मालविका मोहनन ने डबल टोन मोनोकिनी में शेयर कीं हॉट फोटोज

एक्ट्रेस मालविका मोहनन इन दिनों मालदीव में वेकेशन का मजा लेते हुए अपनी तस्वीरें फैन्स के साथ साझा कर रही हैं। इन फोटोज में मालविका ट्रेंडी बिकनी और स्विमसूट में बेहद बोल्ड

नजर आ रहीं हैं इन फोटोज में मालविका डबल टोन वाली मोनोकिनी में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती दिखाई दे रहीं हैं। मालविका ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए इन्हें कैप्शन दिया – चौनल–इंग माय इनर सी स्पिरिट। इन फोटोज में मालविका ने अपने दिलकश अंदाज और बोल्ड लुक से फैन्स के दिलों की धड़कनों को बढ़ा दिया। इस दौरान मालविका पर्पल और सी ब्लू–टोन्ड स्विमसूट में नजर आईं, जिसमें साइड में कट–आउट डिटेल, प्लंजिंग नेकलाइन और कीहोल नेकलाइन थी। मोनोकिनी के साथ मालविका ने एक गोल्ड की चेन–पैंडेंट, कंगन और अंगूठियों से अपने लुक को कम्प्लीट किया। मालविका ने अपने करियर की सुरुवात 2013 में मलयालम फिल्म पट्टनम पोल से की। यह फिल्म रोमांटिक ड्रामा फिल्म थी,जिसमे एक तमिल ब्राम्हण युवक और एक इसाई लड़की के बिच के रिश्ते को बया करती है। हालाकि इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। इस मूवी के दौरान इन्होने द स्कारलेट विंडो नाम की फैशन ब्रांड की स्थापना की। इसके बाद उन्होंने निर्नायालम फिल्म में भी काम किया। इस मूवी की वजह वह सुर्खियों में आने लगी 72016 में उन्होंने कन्नड़ फिल्म नानू मट्टू वरलक्ष्मी में डेब्यू किया। इसके बाद इन्होने कई फिल्मो में काम किया है ,जिसमे इनकी सुपरहिट फिल्म है ,द ग्रेट फादर ,पेट्टा,मास्टर . इन्होने ना केवल तमिल,मलयालम ,कन्नड़ भाषाओ के फिल्मो में काम किया। इन्होने बॉलीवुड में भी काम किया है। इन्होने बॉलीवुड में बियॉन्ड द क्लाउड्स फिल्म से डेब्यू किया। लेकिन यह मूवी फ्लॉप हुई। इस मूवी के लिए उन्होंने जेल के सीक्वेंस के लिए 15 दिनों में करीब 8 किलोग्राम वजन कम किया था। फिल्मो के अलावा वह हीरो हौंडा और मातृभूमि यात्रा के लिए विज्ञापन भी करती है 72019 में वह स्मार्ट लाइफ मैगजीन की कवर फोटो में भी दिखाई दी थी।

आलिया की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी को मिला यूए सर्टिफिकेट, दो सीन कटे

आलिया भट्ट पिछले काफी समय से फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म के ट्रेलर में उनका अंदाज और अभिनय दर्शकों को बेहद पसंद आया है। अब एक बार फिर आलिया अपने एक अनदेखे अवतार से दर्शकों को चौंकाने वाली हैं। गंगूबाई काठियावाड़ी रिलीज से पहले भी खूब चर्चा में है। संजय लीला भंसाली फिल्म के निर्देशन में बनी इस फिल्म को अब यूए सर्टिफिकेट मिल गया है। गंगूबाई काठियावाडी को सेंसर बोर्ड ने यूए सर्टिफिकेट दिया है। बोर्ड ने फिल्म के कुछ दृश्यों पर कैंची भी चलाई है। फिल्म में चार सीन पर कैंची चली है, जिसमें दो सीन डिलीट किए गए हैं। साथ ही दो डायलॉग्स में शब्दों को बदला गया है। फिल्म की लंबाई में एक या दो मिनट घटाए गए हैं। फिल्म में भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को गंगूबाई पर गुलाब लगाते हुए दिखाने वाले सीन को भी बदला गया है।

गंगूबाई काठियावाडी, गंगूबाई हरजीवनदास की असल जिंदगी पर आधारित है, जिसे किताब माफिया चैन ऑफ मुंबई से उठाया गया है। काठियावाडी की एक साधारण सी लड़की कैसे गंगूबाई बन जाती है, यह फिल्म में दिखाया जाएगा। वो लड़की, जो सबसे लड़ सकती है, लेकिन अपनी किस्मत से नहीं। हालांकि, वह हालातों से हार नहीं मानती। फिल्म में गंगूबाई की जिंदगी से जुड़े तमाम पहलू देखने को मिलेंगे। इसमें आलिया, गंगूबाई बनी हैं। फिल्म 25 फरवरी को रिलीज हो रही है।

आलिया से पहले विद्या बालन ने बेगम जान में वेश्यालय की मालकिन का रोल निभाया था। श्रद्धा कपूर फिल्म हसीना पारकर में माफिया चैन बनी थीं। अभिनेत्री सीमा बिस्वास सालों पहले फिल्म बैंडिट चैन में माफिया डॉन रहीं फूलन देवी का किरदार निभा चुकी हैं। मुंबई अंडरवर्ल्ड की दुनिया में गंगूबाई ऐसा नाम रहा है, जिसके कोठे पर बिना उसकी मर्जी के बड़े–बड़े गैंगस्टर भी कदम नहीं रखते थे। वह सेक्स वर्करों के हित में काम करती थी और उनके लिए भी। धोखे और शोषण ने उसकी मासूमियत छीन ली। उसके भीतर एक गुबार भर दिया। देखते ही देखते गुजरात की गंगा हरजीवनदास मुंबई के सबसे नामचीन वेश्यालय की मालकिन गंगूबाई बन गई, यह ना उसे पता चला और ना ही पुलिस को।

आलिया फिल्म आरआरआर से साउथ इंडस्ट्री में कदम रखने वाली हैं। उन्हें निर्देशक अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र में रणबीर कपूर के साथ देखा जाएगा। आलिया करण जौहर की फिल्म तख्त में भी एक अहम भूमिका निभाएंगी। वह शाहरुख खान के होम प्रोडक्शन में बन रही फिल्म डार्लिंग्स का हिस्सा हैं। इससे पहले दोनों डियर जिंदगी में साथ काम कर चुके हैं। करण जौहर की रोमांटिक फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में भी आलिया अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी।

रणबीर कपूर की फिल्म शमशेरा की रिलीज डेट का ऐलान

रणबीर कपूर की फिल्म शमशेरा काफी समय से सुर्खियों में है। इसमें उन्हें एक ऐसे अवतार में देखा जाएगा, जो दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा होगा। पिछले काफी समय से दर्शक यह जानने को बेताब थे फिल्म रिलीज कब होगी। अब आखिरकार दर्शकों का यह इंतजार खत्म हो गया है। दरअसल, फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है और यह भी साफ हो गया है कि फिल्म किस प्लेटफॉर्म पर आएगी।

यशराज बैनर तले बनी शमशेरा दर्शकों के बीच दस्तक देने के लिए तैयार है। प्रोडक्शन हाउस ने सोशल मीडिया पर आज इसका टीजर जारी करते हुए इसकी रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। नई जानकारी के मुताबिक, फिल्म इस साल 22 जुलाई को रिलीज होगी, जबकि पहले खबर थी कि शमशेरा 18 मार्च को पर्दे पर आएगी। अब इसकी रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है। साथ ही यह भी बताया गया है कि फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

पिछले साल 28 सितंबर को रणबीर के जन्मदिन पर यशराज फिल्म्स ने एक पोस्टर साझा किया था, जिसमें एक्टर के लंबे बाल और आंखों में गुस्सा नजर आ रहा था। यशराज ने रणबीर का नया लुक शेयर कर लिखा था, लेजेंड अपनी छाप छोड़ेंगे। उनके इस लुक ने फिल्म को लेकर और उत्सुकता जगा दी थी। फिल्म से रिलीज हुआ रणबीर का फर्स्ट लुक भी दर्शकों को बेहद पसंद आया था। इस फिल्म में रणबीर दोहरी भूमिका में नजर आएंगे।

यशराज फिल्म्स के साथ रणबीर पहले भी काम कर चुके हैं। इस बैनर के साथ शमशेरा रणबीर की तीसरी फिल्म है। इससे पहले वह फिल्म बचना ऐ हसीनों और फिल्म रॉकेट सिंहरू सेल्समैन ऑफ द ईयर के लिए यशराज के साथ जुड़ चुके हैं।

फिल्म में जबरदस्त एक्शन देखने को मिलेगा। वाणी कपूर और संजय दत्त भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। वाणी एक नर्तकी की भूमिका में हैं, जो शमशेरा की प्रेमिका है और संजय दत्त इसमें विलेन बने हैं। इस फिल्म का निर्देशन करण मल्होत्रा ने किया है। यह फिल्म 1800 के दशक की एक डकैत जनजाति के बारे में है, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ अपने अधिकारों और स्वतंत्रता की लड़ाई में हिस्सा लिया था।

ब्रह्मास्त्र रणबीर की आगामी बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में रणबीर की जोड़ी आलिया भट्ट के साथ बनी है। अमिताभ बच्चन और मौनी रॉय भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। निर्देशक लव रंजन की फिल्म में भी रणबीर मौजूदगी दर्ज कराएंगे। इस फिल्म में श्रद्धा कपूर, रणबीर की जोड़ीदार बनी हैं। रणबीर गैंगस्टर ड्रामा फिल्म एनिमल से भी जुड़े हैं। इसमें उनकी जोड़ी परिणीति चोपड़ा के साथ बनी है। संदीप सिंह वांगा इस फिल्म के निर्देशक हैं।

सुपर मार्केट से जुड़े इन भ्रमों को सही मानते हैं लोग, जानिए इनकी सच्चाई

घर का राशन खरीदना हो या फिर फल और सब्जियां, सुपर मार्केट एक ऐसा वन स्टॉप है, जहां आपको कई तरह की चीजें सही दाम में मिल सकती है। हालांकि जैसे–जैसे सुपर मार्केट में तरह–तरह की चीजों की वैरायटी बढ़ती जा रही हैं, वैसे–वैसे लोगों के मन में इससे जुड़े कई भ्रम घर करते जा रहे हैं, लेकिन इनकी सच्चाई कुछ अलग ही है। आइए सुपर मार्केट से जुड़े कुछ सामान्य भ्रमों और उनकी सच्चाई जानते हैं।

भ्रम– थोक में सामान लेना सस्ता पड़ता है

कई लोगों का मानना है कि थोक में सामान लेना सस्ता पड़ता है, जबकि ऐसा नही है। दरअसल, थोक में खरीदी जाने वाली चीजे भले ही आपको दाम में सस्ती लगे, लेकिन उनका उनकी एक्सपायरी डेट आदि खत्म होने पर होती है और इसके कारण उनमें से कई चीजों का इस्तेमाल भी समय से नहीं हो पाता।

एक अध्ययन के अनुसार, थोक खरीदारी की तुलना में अधिकांश वस्तुओं की लागत कम होती है।

भ्रम– सफेद अंडे की तुलना में भूरे अंडे स्वास्थ्यवर्धक होते हैं

यह भी एक भ्रम है कि सफेद अंडे की तुलना में भूरे अंडे स्वास्थ्यवर्धक होते हैं, जबकि ऐसा नहीं है। सुपर मार्केट में आपको अंडों की दो तरह (सफेद और भूरे) की वैरायटी जरूर मिलेगी, लेकिन इनमें से भूरे रंग के अंडे स्वास्थ्यवर्धक होते है और सफेद अंडे नहीं, ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। इन दोनों अंडों में सिर्फ रंग का फर्क होता है और पोषक तत्वों के मामले में दोनों रंग के अंडे बराबर होते हैं।

भ्रम– फ्रोजन फूड में पोषक तत्व नहीं होते हैं

यह भी सिर्फ एक भ्रम है कि फ्रोजन फूड में पोषक तत्व नहीं होते हैं और यह बात सच से कोसों दूर है। फ्रोजन फूड की कई वैरायटी में पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व मौजूद रहते हैं। हालांकि यह बात सच है कि फ्रेश फूड की तुलना में फ्रोजन फूड स्टोर करने के दौरान अपने कुछ पोषण खो देते हैं, लेकिन फ्रोजन फूड में पोषक तत्व होते ही नहीं है, यह बात सच नहीं है।

भ्रम– राशन की लिस्ट के अनुसार ही सामान खरीदना बेहतर है

अगर आपका मानना भी यही है कि राशन की लिस्ट के अनुसार ही सामान खरीदना बेहतर है तो यह एक भ्रम के अलावा और कुछ नहीं है। यकीनन राशन की लिस्ट के अनुसार ही सामान खरीदना अच्छा है, लेकिन हर स्थिति में यह नियम लागू नहीं हो सकता है। अगर सुपरमार्केट में बिक्री या छूट चल रही है या आपको अपनी पसंदीदा वस्तु का सस्ता विकल्प मिल रहा है तो लिस्ट से थोड़ा हटकर चलना ठीक है।